इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 194 | राजनांदगांव, मंगलवार 02 जून 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई: 1200 करोड़ की संपत्तियां जब्त

रायपुर (दावा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने लगभग 1200 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की गई हैं। इस मामले में कमीशन के जरिए 2883 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आई थी। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत तीन अस्थायी कुर्की आदेश (पीएओ) जारी किए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के संबंध में 200 करोड़ रुपये के विलेख मूल्य और 1000 करोड़ रुपये से अधिक के संयुक्त बाजार मूल्य वाली संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। ईडी की जांच, रायपुर स्थित ईओडब्ल्यू/एसीबी द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है। इससे पता चला है कि अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा (सेवानिवृत्त आईएएस) के नेतृत्व वाले एक शराब सिंडिकेट ने वरिष्ठ राज्य अधिकारियों, शराब बनाने वाली भट्टियों के मालिकों और निजी संस्थाओं के साथ मिलीभगत करके 2019 से 2023 के बीच छत्तीसगढ़ उत्पाद शुल्क तंत्र में व्यवस्थित रूप से हेरफेर किया था। इसके जरिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध की आय अर्जित की गई। शराब की खरीद दरों में कृत्रिम वृद्धि, अवैध शराब के उत्पादन और पसंदीदा संस्थाओं को दिए गए एफएल-10ए लाइसेंसों के माध्यम से कमीशन की वसूली करके 2,883 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।




### शराब बनाने वाली भट्टियों से भी कमीशन

पहले पीएओ में विकास अग्रवाल और अनवर ढेबर से संबंधित अचल संपत्तियों को जब्त किया गया है। विकास अग्रवाल इस सिंडिकेट के जमीनी स्तर के वित्तीय प्रबंधक के रूप में कार्य करते थे। वे शराब बनाने वाली भट्टियों और एफएल-10ए लाइसेंसधारियों से कमीशन वसूलते थे। वह राशि सीधे अनवर ढेबर को भेजी जाती थी। विकास अग्रवाल के परिवार के सदस्यों के नाम पर मौजूद संपत्तियों को उनकी अपराध से प्राप्त आय के बराबर मूल्य पर जब्त किया गया है। इसके अलावा, अनवर ढेबर की बेनामी संपत्तियां- जिनमें रायपुर स्थित ढेबर सिटी होम्स में कई भूखंड (उनके स्वामित्व वाली फर्म मेसर्स ए. ढेबर बिल्डकॉन के माध्यम से) और रायपुर में पांच भूखंड (शेल्फ कंपनियों मेसर्स शाइनिंग स्टार बिल्डकॉन, मेसर्स मूनलाइट रियल एस्टेट, मेसर्स स्वर्ण इंफ्राबिल्ड और मेसर्स जय गुरुदेव इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से) शामिल हैं, को भी शराब घोटाले के माध्यम से प्राप्त धन के रूप में जब्त कर लिया गया है। इस पीएओ के तहत कुल कुर्की लगभग 30 करोड़ रुपये है।

### पूर्व सीएम के बेटे के इशारे पर पहुंचाई राशि

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से भी ईडी ने इस मामले में पूछताछ की है। दूसरे पीएओ के तहत होटल वेस्टिन गोवा (गांव अंजुना, उत्तरी गोवा) को अटैच किया गया है, जो मेसर्स पैसिफिका होटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर एक प्रीमियम होटल है, जिसके निदेशकों में राहुल अग्रवाल और विजय कुमार अग्रवाल शामिल हैं। जांच में यह स्थापित हुआ कि, होटल को पूरी तरह से अपराध की आय से लगभग 110 करोड़ रुपये में अधिग्रहित किया गया था, जिसका भुगतान शराब घोटाले से प्राप्त असंतुलित नकदी में किया गया था। चैतन्य बघेल के इशारे पर इसे भौतिक रूप से पहुंचाया गया था।

### आधा हिस्सा, सिंडिकेट को देने के लिए मजबूर

तीसरे पीएओ के तहत तीन एफएल-10ए लाइसेंसधारी कंपनियों - मेसर्स ओम साई बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स नेक्सजेन पावर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों, शेयरों और म्यूचुअल फंडों को अटैच किया गया है, जिन्हें अपने मुनाफे का 50-60 प्रतिशत हिस्सा सिंडिकेट को देने के लिए मजबूर किया गया था। यह हिस्सा लगभग 51 करोड़ रुपये बनता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री का कड़ा संदेश : जनता से अशिष्ट व्यवहार पर जीरो टॉलरेंस, दुर्ग जनपद सीईओ पाण्डे निलंबित

### मुख्यमंत्री की दोटूक : सुशासन में जवाबदेही सर्वोपरि, जनता से अशिष्ट व्यवहार किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं

रायपुर(दावा)। सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में लापरवाही बरतने के आरोप को सीएम विष्णुदेव साय ने गंभीरता से लेते हुए सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दुर्ग संभागायुक्त को दिए थे। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशों के परिपालन में कमिश्नर दुर्ग ने सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

संभागायुक्त दुर्ग द्वारा जारी निलंबन आदेश में उल्लेखित है कि, कलेक्टर दुर्ग से प्राप्त प्रस्ताव एवं ग्राम थनौद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था। जहां श्री पाण्डेय द्वारा आम जनता से अशिष्ट व्यवहार संबंधी वीडियो क्लिप के अवलोकन से प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट हुआ कि, उन्होंने शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार एवं शिविर में कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही तथा अशिष्टतापूर्ण व्यवहार किया। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत है। इस संबंध में आयुक्त दुर्ग द्वारा श्री पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किंतु उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया।



### सिविल सेवा नियम के तहत हुई कार्रवाई

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के तहत प्रत्येक शासकीय सेवक को सदैव पूर्ण रूप से सत्यनिष्ठ एवं कर्तव्यपरायण रहना है तथा ऐसा कोई कार्य नहीं करना है, जो शासकीय सेवक के लिए अशोभनीय हो। नियम 3-क के खण्ड (क) के अनुसार, कोई भी शासकीय सेवक अपने पदीय कृत्यों के पालन में अशिष्टता से कार्य नहीं करेगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन तंत्र आम नागरिकों के प्रति उत्तरदायी होता है।

### जांच के बाद किया सस्पेंड

प्रत्येक लोकसेवक द्वारा आम नागरिकों से शिष्ट व्यवहार को आचरण संहिता का महत्वपूर्ण घटक माना गया है। तदनुसार रूपेश कुमार पाण्डेय को कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही एवं कदाचरण के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## बालोद कलेक्ट्रेट में बवाल: बैरिकेटिंग तोड़कर अंदर घुसे आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग




परिसर में किया जमकर हंगामा

**बालोद(दावा)। बालोद जिले के जामड़ी पाटेश्वर धाम के विरोध में और अपनी माँगों को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोग कलेक्ट्रेट घेराव करने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेटिंग की थी। लेकिन आक्रोशित आदिवासी बैरिकेट तोड़ कर कलेक्टोरेट में घुस गए।**

जानकारी के अनुसार, जामड़ी पाटेश्वर धाम के विरोध में सर्व आदिवासी समाज के लोग कलेक्टोरेट घेराव करने पहुंचे। पुलिस के साथ झड़प होने के बाद आदिवासी बैरिकेटिंग तोड़कर कलेक्ट्रेट में घुस गए और जमकर हंगामा किया। कुछ लोग गेट में तो कुछ लोग कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा कर रहे हैं। पुलिस बल फायर ब्रिगेट के साथ मिलकर पानी के प्रेशर से हटाने का प्रयास कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि, पाटेश्वर धाम गांव की जमीन पर बना है। गांव के विकास कार्यों को पाटेश्वर धाम में करवाया जाता है। आदिवासी समाज के पाट (पहाड़) जिसमें समाज के देवता हैं, उसे भी कब्जे में कर लिया गया है। इसलिए सर्व आदिवासी समाज जमाड़ी पाटेश्वर धाम और बाबा बालक दास पर कार्यवाही की मांग कर रहा है।

## लेबनान पर हमलों से भड़का ईरान, अमेरिका से बातचीत रोकी; होर्मुज बंद करने की भी दी धमकी



तेहरान। पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान ने लेबनान पर इस्राइली हमलों के विरोध में अमेरिका के साथ चल रही बातचीत को रोकने का फैसला किया है। ईरान का कहना है कि लेबनान में जारी हमले युद्धविराम का खुला उल्लंघन हैं। इसी के साथ ईरान समर्थित समूहों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर के अहम समुद्री रास्तों को बंद करने की चेतावनी भी दी है।

ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तेहरान ने साफ कहा है कि जब तक गाजा और लेबनान में इस्राइली सैन्य कार्रवाई नहीं रुकती, तब तक अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। ईरान ने लेबनान से इस्राइली सेना की पूरी वापसी की भी मांग की है। वहीं अमेरिका की तरफ से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### होर्मुज ही नहीं, इस जलमार्ग पर भी दी चेतावनी

ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि तेहरान और उसके सहयोगी समूह अब होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब-अल-मंदेब जलमार्ग पर दबाव बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। बाब-अल-मंदेब लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में स्थित अहम समुद्री रास्ता है। यहां पहले भी यमन के हूती विद्रोही कई जहाजों पर हमले कर चुके हैं। अगर इन समुद्री रास्तों पर तनाव बढ़ता है तो वैश्विक व्यापार और तेल सप्लाई प्रभावित हो सकती है।

ईरान के इस फैसले के बाद अमेरिका और इस्राइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ सकता है। गाजा और लेबनान में जारी सैन्य कार्रवाई को लेकर पहले से कई देशों में चिंता जताई जा रही है। अब ईरान ने साफ कर दिया है कि जब तक उसकी शर्तें नहीं मानी जाएंगी, तब तक बातचीत आगे नहीं बढ़ेगी। इससे क्षेत्र में शांति प्रयासों को बड़ा झटका लग सकता है।

## टीएमसी विधायकों को पार्टी छोड़ने के लिए धमका रही पुलिस, पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को सरकार और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस टीएमसी विधायकों को पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए धमका रही है। बनर्जी ने बिना उचित पुनर्वास योजना के फेरीवालों पर की गई कार्रवाई की भी आलोचना की। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में पुलिस राज चल रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर कोलकाता में टीएमसी नेताओं पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई तो वह अपने विरोध प्रदर्शन को दिल्ली तक ले जाएंगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को ऑनलाइन संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीएमसी ने कोलकाता के रानी रश्मोनी रोड पर धरना देने की अनुमति मांगी थी। लेकिन पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी ने दो विधायकों को पार्टी से निकाला

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में करारी शिकस्त झेलने और सत्ता से बेदखल होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर मची अंतर्कलह अब खुलकर सामने आने लगी है। सोमवार को पार्टी ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लेते हुए अपने दो विधायकों, संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। दोनों नेताओं पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का गंभीर आरोप लगा है, जिसके बाद अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने यह कदम उठाया। पार्टी द्वारा जारी किए गए आधिकारिक बयान के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी के कोलकाता स्थित कालीघाट आवास (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत-म्यांमार संबंध : पीएम मोदी ने उठाया बॉर्डर का मुद्दा, राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग बोले- हमारी जमीन भारत के खिलाफ नहीं होगी इस्तेमाल

नई दिल्ली। मिन आंग ह्लाइंग को चीन का समर्थक माना जाता है लेकिन नई दिल्ली में उन्होंने पीएम मोदी को आश्वासन दिया कि म्यांमार की जमीन का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की 1640 किलोमीटर से लंबी सीमा म्यांमार के साथ है। इस पड़ोसी देश की आंतरिक अस्थिरता और वहां चीन के बढ़ते प्रभुत्व लंबे समय से चिंता का विषय रहा है।



सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के बीच हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में इन सभी संवेदनशील मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। इसमें व्यापार एवं आर्थिक संबंध, रक्षा एवं सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहायता तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल हैं। दोनों पक्षों ने विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों और ज्ञापनों पर चल रही चर्चाओं को जल्द पूरा करने की इच्छा जताई।

### राष्ट्रपति ह्लाइंग भरी मत से विजयी

म्यांमार में अप्रैल, 2026 में चुनाव हुआ था जिसमें राष्ट्रपति ह्लाइंग को भारी बहुमत से विजयी घोषित किया गया है। इसके पहले वह कार्यवाहक राष्ट्रपति रहे हैं। इस चुनाव से वैसे इस देश की आंतरिक स्थिति में बहुत सुधार की संभावना नहीं दिख रही है। एक तरफ म्यांमार की सेना है और दूसरी तरफ लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग करने वाले दल व चिन ब्रदरहुड और आराकान आर्मी जैसे विद्रोही सेना है। देश के रखाइन प्रांत के अधिकांश हिस्से पर सैन्य विद्रोहियों का कब्जा है। साथ ही चीन का वर्चस्व भी म्यांमार की सरकार पर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में राष्ट्रपति ह्लाइंग ने चुनाव में विजयी होने के बाद विदेश दौरे के तौर पर भारत का चुन कर नई दिल्ली को यह संदेश दिया है कि वह भारत के हितों की रक्षा कर सकते हैं।यह बात उन्होंने पीएम मोदी को भी साफ तौर पर बताई है।

## भारत ने फ्रांस को भेजा 114 राफेल खरीदने का प्रस्ताव, 3.25 लाख करोड़ की बड़ी डील

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने की दिशा में भारत ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने फ्रांस को करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये के मेगा डील के लिए अनुरोध पत्र भेज दिया है। इस डील के तहत भारत 114 अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमान खरीदना चाहता है। खास बात यह है कि इनमें से 94 विमान भारत में ही बनाए जाने की योजना है। यह कदम ऐसे समय आया है जब भारत अपनी वायुसेना में लड़ाकू विमानों की भारी कमी का सामना कर रहा है।



50 प्रतिशत निर्माण देश में होगा

### 144 लड़ाकू विमानों का दिया ऑर्डर

भारतीय वायुसेना में लंबे समय से लड़ाकू विमानों की कमी चल रही है। इस गैप को भरने के लिए सरकार लगातार आधुनिक 4.5 जनरेशन प्लस राफेल जैसे विमान शामिल करने पर जोर दे रही है। अब तक भारत और नौसेना मिलकर 62 राफेल विमान का ऑर्डर दे चुके हैं। अगर यह नया 114 विमानों का सौदा पूरा होता है तो कुल संख्या 176 तक पहुंच जाएगी। नौसेना ने भी 31 और राफेल विमान लेने की इच्छा जताई है, जिससे यह संख्या 200 से भी ज्यादा हो सकती है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पहली बार राफेल विमान फ्रांस के बाहर बनाए जाएंगे। फ्रांसीसी कंपनी दसॉ एविएशन भारत की एक कंपनी के साथ मिलकर उत्पादन करेगी। इस योजना के तहत करीब 50 प्रतिशत तक स्थानीय निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इससे भारत में रक्षा उत्पादन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, यह अनुरोध पत्र पिछले सप्ताह रक्षा मंत्रालय की एक्विजिशन विंग ने फ्रांस सरकार को भेजा है। अब फ्रांसीसी पक्ष की तरफ से अगले 2 से 3 महीनों में जवाब आने की उम्मीद है। इसके बाद दोनों देशों के बीच बातचीत तेज होगी और अगले एक साल के भीतर इस डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

### पीएम मोदी का फ्रांस दौरा और रणनीतिक चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जून के मध्य में फ्रांस दौरे की संभावना है। इस यात्रा के दौरान राफेल डील पर भी चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह दौरा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने साल 2024 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक बड़ा अध्ययन किया था, जिसका मकसद वायुसेना की क्षमता को मजबूत करना था। इसके बाद डिफेंस एक्विजिशन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट पेपर : पुणे के टीचर ने लीक किया पेपर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा - पेन-पेपर मोड में ही हो परीक्षा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी की 21 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा पेन-पेपर के बजाए कंप्यूटर बेस्ड मोड से कराए जाने की मांग सोमवार को ठुकरा दी। कोर्ट ने मांग स्वीकार करने से इनकार कर दिया। हालांकि याचिका खारिज नहीं की है और मुख्य याचिका पर सुनवाई जुलाई तक टाल दी है। नीट यूजी परीक्षा 3 मई को हुई थी लेकिन पेपर लीक के कारण 12 मई को परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा परीक्षा होनी है। आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है जिसमें कई मांगे की गई हैं जिसमें से एक मांग यह भी थी। सोमवार को यह याचिका न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगी थी। सुधाकर सिंह की ओर से पेश वकील सत्यम सिंह राजपूत ने मामले को अर्जेन्ट बताते हुए कहा कि याचिका में की गई पहली मांग पर यह जोर देना चाह रहे हैं वो महत्वपूर्ण है। वकील ने कहा कि उनकी मांग है कि नीट यूजी की 21 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा पेन-पेपर के बजाए कंप्यूटर बेस्ड मोड से कराई जाए। लेकिन कोर्ट ने अंतरिम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में अब किश्तों में मिलेगी खाद्य, जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार का बड़ा फैसला



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए यह पहला अवसर होगा, जब किसानों को खाद भी किस्तों में दी जाएगी। खास बात ये है कि सबसे कम खेत वाले छोटे किसानों को पूरी खाद मिलेगी, लेकिन ढाई एकड़ और पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को दो से तीन किस्तों में 20-20 दिनों के बाद खाद लेने का मौका मिलेगा। हालांकि अभी भी रायपुर जिले की कई सोसाइटियों में डीएपी खाद्य नहीं है। वहां यूरिया और पोटाश ही उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन-2026 के दौरान किसानों को रासायनिक उर्वरकों का वितरण अब चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार का तर्क है कि इससे उर्वरकों का संतुलित उपयोग बढ़ेगा। कालाबाजारी और अनावश्यक भंडारण पर रोक लगेगी तथा पूरे सीजन में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

### पिछले साल से कम खाद्य मिलेगी

राज्य सरकार के आदेश के अनुसार खरीफ 2025 में किसानों को जितनी यूरिया और डीएपी खाद वितरित की गई थी। खरीफ 2026 में शुरुआत में उसकी केवल 80 प्रतिशत यूरिया और 60 प्रतिशत डीएपी मात्रा ही दी जाएगी। शेष खाद बाद के चरणों में उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि यह व्यवस्था एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) और सतत कृषि विकास की अवधारणा के अनुरूप है।

### डीएपी की कमी होने पर नैनो डीएपी का विकल्प

सरकार ने निर्देश में कहा है कि डीएपी की शेष 40 प्रतिशत मात्रा पारंपरिक डीएपी उपलब्ध होने पर दी जाएगी। यदि इसकी आपूर्ति बाधित होती है तो किसानों को वैकल्पिक रूप से नैनो डीएपी उपलब्ध कराया जा सकेगा। हालांकि आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी किसान को नैनो उर्वरक लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था होगी। इसी तरह यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा भी पारंपरिक यूरिया उपलब्ध होने पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### प्रधानमंत्री आवास योजना से दिनेश कुमार निषाद का पक्के घर का सपना हुआ साकार



**राजनांदगांव (दावा)।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी दिनेश कुमार निषाद का पक्के घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से साकार हुआ है। दिनेश कुमार निषाद ने बताया कि उन्हें सुशासन तिहार के शिविर में नवनिर्मित आवास की चाबी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि वर्षों से कच्चे मकान में रहने के कारण उन्हें और उनके परिवार को बारिश, आंधी-तूफान तथा अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में घर की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। उन्होंने बताया कि अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलने से उनके परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले नया घर मिलना उनके लिए किसी सौगात से कम नहीं है। अब उन्हें बारिश, आंधी-तूफान, जीव-जन्तुओं तथा बंदरों से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी और पूरा परिवार सुरक्षित वातावरण में जीवनयापन कर सकेगा। दिनेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके परिवार को नई खुशियां और सुरक्षा प्रदान की है।

### कल दिग्विजय कालेज में जनसमस्या निवारण शिविर

**राजनांदगांव (दावा)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने नगर निगम द्वारा वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा हैं। शिविर की कडी में 3 जून बुधवार को महावीर वार्ड नं. 37 व दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिए दिग्विजय कालेज में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या सुन उनसे मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त करेंगे।

### जिपं शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 9 को

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला पंचायत -शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 9 जून को दोपहर 3.30 बजे जिला पंचायत के शिक्षा स्थाई समिति के सभापति कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### जिले में दिव्यांगो के लिए 5 जून को रोजगार मेले का आयोजन

**रायपुर (दावा)।** विशेष रोजगार कार्यालय, रायपुर द्वारा अस्थिबाधित, बौने, कम सुनने (श्रवणयंत्र की सहायता से) एवं देखने में कठिनाई (चश्मे की सहायता से) वाले दिव्यांगजनों के लिए 5 जून 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार, रायपुर में आयोजित होगा।उपसंचालक रोजगार डॉ. शशी अतुलकर ने बताया कि यंग इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इस रोजगार मेले में विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में क्रेडालिस केपिटल प्रा. लि., आई. ट्रेड टेलिमेटिक्स निगरानी जीपीएस रामा उद्योग प्रा. लि., बारबर्रिक ट्रांसफॉर्मर्स, अविनाश डेवलपर्स प्रा. लि. एवं स्काई ऑटोमोबाइल (मारुति नेक्सा) तथा विश्वभारती ऑटोमोबाइल प्रा. लि. रायपुर आदि प्रतिष्ठान शामिल होंगे। चयनित आवेदकों को उनकी योग्यता एवं पद के अनुसार प्रतिमाह लगभग 11 हजार रुपये से 30 हजार रुपये तक का वेतन प्रदान किया जाएगा एवं उनका कार्यक्षेत्र रायपुर एवं सिलतरा क्षेत्र रहेगा।ऐसे दिव्यांगजन, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो तथा जो बिना व्हीलचेयर के चलने-फिरने में सक्षम हों, रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

### मोतिम बाई साहू का निधन



**डोंगरगांव (दावा)।** ग्राम मारगांव निवासी मोतिम बाई साहू का 31 मई रविवार को निधन हो गया। वे तीरथराम साहू की पत्नी और गोपाल, रूपेंद्र, डेमन व सीतामणि की मां है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, सगे संबंधी व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।







# पाईप लाईन के लिए बेतरतीब खोदी गई सड़कें दे रहीं हादसे को न्योता, डामरीकरण की दरकार

## राहुल नगर और लखोली नाका क्षेत्र में बदहाल मार्ग, सिर पर खड़ी बारिश





**राजनांदगांव (दावा)।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर के कुछ हिस्सों में डामरीकरण का कार्य तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन लखोली के राहुल नगर और लखोली नाका क्षेत्र की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इन क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए नई पाइपलाइन तो डाली गई, लेकिन ठेकेदार द्वारा बेतरतीब ढंग से की गई सड़क की खुदाई के बाद मलबे को वैसे ही गड्डु-मड्डु अवस्था में छोड़ दिया गया है। उखड़ी हुई और गड्ढों में तब्दील हो चुकी ये सड़कें अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं।

### रात के अंधेरे में हो रहे हादसे, वाहनों के फंस रहे चक्के

सड़क के बीचों-बीच हुए गहरे गड्ढों के कारण इस मार्ग पर आवागमन में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थिति इतनी बदतर है कि रात के समय अंधेरे में इन गड्ढों को न देख पाने के कारण दुपहिया वाहन चालक गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं चार पहिया और भारी वाहनों के चक्के इन गड्ढों में फंस रहे हैं। जिन्हें निकालने के लिए चालकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। नगर निगम द्वारा इन संवेदनशील सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण की दिशा में ध्यान न दिए जाने से अब वार्डवासियों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

### बैठक और निर्देश के बाद भी धरातल पर काम नहीं

गौरतलब है कि शहर के विभिन्न वार्डों में रुके हुए डामरीकरण कार्यों को गति देने के लिए हाल ही में बैठकें हुई हैं। कौरिनभांठा वार्ड में ग्रीन हाइट से लेकर कमला कॉलेज रोड तक डामरीकरण का कार्य शुरू भी हो गया है, जो पिछले साल बारिश के पहले रुक गया था। लखोली के वार्ड क्रमांक 31 से कैंसर नगर में बीटी रोड का निर्माण और जनता कॉलोनी से माई मंदिर तक बीटी रोड व डामरीकरण का कार्य स्वीकृत है। इसके बावजूद लखोली नाका चौक से सेठी नगर रोड और जनता कॉलोनी के समीप राहुल नगर वार्ड में जमीनी स्तर पर कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। मौसम विभाग की चेतावनी और आगामी बारिश को देखते हुए इन सड़कों की तत्काल मरम्मत कराना बेहद अनिवार्य हो गया है।

### मलबे से पटी सड़कें, ठेकेदार की लापरवाही आई सामने

राहुल नगर क्षेत्र में सरेखिन तालाब से अंदर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग को खोदकर भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। खुदाई से निकली मिट्टी और मलबे के ढेर सड़क पर ही बिखरे पड़े हैं। वार्डवासियों का कहना है कि मानसून सिर पर खड़ा है। ऐसे में यदि जल्द ही सड़कों को ठीक नहीं किया गया, तो पहली ही बारिश में यह पूरी मिट्टी बहकर कीचड़ में बदल जाएगी। जलजमाव होने से संक्रमण और गंदगी फैलने की पूरी आशंका बनी हुई है। इस संबंध में स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि द्वारा निगम का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या से नजरें चुराए बैठे हैं। वार्ड के सजग नागरिकों घनश्याम शर्मा गप्पू, श्रवण साहू, लेखेंद्र साहू, मनीष, बिसाहू आदि ने नगर निगम प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि बारिश शुरू होने से पहले इन गड्डु-मड्डु हो चुकी सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर डामरीकरण या बीटी रोड निर्माण कराया जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।

# भीषण गर्मी में भी नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान जारी



**सड़कों से हटाए जा रहे आवारा पशु, बीमार मवेशियों को इलाज के लिए भेजा जा रहा गौशाला, लापरवाही पर लगेगा 570 रूपए जुर्माना**

**राजनांदगांव (दावा)।** आमजनो एवं मवेशियों को दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में नवतपा की भीषण गर्मी में भरी दोपहरी नगर निगम की टीम चौक-चौराहों में घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। वही रात्रिकालीन टीम प्रतिदिन शहर के प्रमुख मार्गो एवं चौराहों से मवेशी हकालने का काम कर रहा है। इसके अलावा निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है तथा पकड़े मवेशियों को रेवाडीह व कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुचाया जाता है। जहां गंज मण्डी से बचे फल सब्जी लाकर मवेशियों को खिलाया जा रहा है। साथ ही बीमार मवेशी ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल एवं मोहारा गौशाला छोड़ा जाता है। टीम द्वारा नाली नालों में फसे मवेशियों को निकालने की कार्यवाही की जाती है।

मवेशियों को पकड़ने शासन व प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर निगम की घुमंतु मवेशियों को पकड़ने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम चौक-चौराहों से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही के तहत नवतपा में भरी दोपहरी कमला कालेज रोड, महाराणा प्रताप चौक, मठपारा, लखोली रोड, गंज चैक, नंदई चैक आदि क्षेत्र से घुमंतु एवं बैठे 6 मवेशी को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है। जहां से उन्हें छोड़ने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोड़ा जायेगा। मवेशियों को चारा के अलावा प्रतिदिन गंज मण्डी से बचे फल सब्जी लाकर खिलाया जाता है। साथ ही रात में दुर्घटना को ध्यान में रखकर शहर के प्रमुख मार्ग व चौक-चौराहों में बैठे तथा विचरण करते मवेशियों को निगम की टीम द्वारा प्रतिदिन हकाला जाता है। हकालने की कडी में कौरिनभाठा, ग्रीन हाईट, महेश नगर, जीई रोड, गुरूनानक चौक, शीतला मंदिर रोड, भरकापारा मंदिर के पास, गंज चौक से रात में बीच सड़क में विचरण करते मवेशी हकाला गया। इसके अलावा लखोली, कुँआ चौक, बैगापारा से बीमार मवेशी की सूचना पर उन्हें पकड़ ईलाज के लिए मोहारा गौशाला छोड़ा गया।

धर-पकड़ टीम मवेशी पकड़ने के अलावा नाली/नालों में फसे मवेशी निकालते है इसी के तहत जानकारी होने पर प्रभात नगर जगन्नाथ मंदिर के सामने नाला में फंसे मवेशी को टीम ने सकुशल निकाला। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिकों से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने, पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के ऊपर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में तीन दिवसीय विशेष आधार अद्यतन (अपडेशन) शिविर शुरू

**बैंक, राशन और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं के लिए आधार अनिवार्य, डाकघर और शाला प्रबंधन की अनूठी पहल**



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट में छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की सुविधा के लिए तीन दिवसीय विशेष आधार अद्यतन (अपडेशन) शिविर का शुभारंभ किया गया है। यह शिविर 1 जून से शुरू होकर आगामी 3 जून तक चलेगा। जहां नागरिक सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक पहुंचकर अपने आधार कार्ड से जुड़े जरूरी सुधार एवं अपडेशन का कार्य करा सकते हैं।

### दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है आधार : प्राचार्य

शाला के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में आधार हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बैंकिंग सेवाएं, पेंशन, राशन, छात्रवृत्ति, आयुष्मान योजना, गैस सब्सिडी और मोबाइल सिम सत्यापन सहित विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने में आधार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि चालू शैक्षणिक सत्र के दौरान यह तीसरा अवसर है जब शाला परिसर में इस तरह की जनहितैषी पहल की गई है। इससे पहले भी दो बार आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर लाभ उठाया था। प्राचार्य ने कहा कि वैसे तो कलेक्ट्रेट या किसी भी चॉइस सेंटर में जाकर आधार अपडेशन कराया जा सकता है, लेकिन स्थानीय स्तर पर राहत देने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में ही यह व्यवस्था जुटाई गई है। शाला प्रबंधन ने भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे सेवा शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया है।

### डाकघर जनसेवा को देता है प्राथमिकता : डिप्टी पोस्टमास्टर

शिविर में विशेष रूप से उपस्थित डिप्टी पोस्टमास्टर केपी तिवारी ने कहा कि भारतीय डाकघर हमेशा से ही जनसेवा को सर्वोपरि प्राथमिकता देता आया है। डाक विभाग का मुख्य उद्देश्य ऐसे शिविरों के माध्यम से आम जनता को सरकारी सेवाओं से सीधे और सुगमता से जोड़ना है। उन्होंने शिविर में पहुंचे पालकों को अपने जरूरी दस्तावेजों की शुद्धता और उनकी सुरक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह दी। इस विशेष शिविर के आयोजन से न केवल स्कूली बच्चों को बल्कि आसपास के रहवासियों को भी कलेक्ट्रेट या चॉइस सेंटरों के चक्कर काटने और लंबी लाइनों में खड़े होने की असुविधा से बड़ी राहत मिल रही है।

### जिले में खरीफ सीजन की तैयारियां जोरों पर

**राजनांदगांव (दावा)।** जिले में खरीफ सीजन में खेती-किसानी के लिए तैयारी जोरों पर है और किसानों में उत्साह है। किसान सहकारी समितियों में जाकर खाद एवं बीज की खरीदी कर रहे है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ सीजन में खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर खाद-बीज का वितरण कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। इस वर्ष खरीफ में धान सहित दलहन-तिलहन फसलों में परम्परागत खाद के साथ वैकल्पिक खाद एवं नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंगदई के किसान कमल नारायण साहू ढाबा सोसायटी में खाद लेने पहुंचे थे।

# लखोली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'



**राजनांदगांव (दावा)।** श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली स्थित शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साह और तन्मयता के साथ सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के योगदान का उल्लेख और राष्ट्र निर्माण की दिशा में दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शक्ति केंद्र प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के सामान्य नागरिकों, नवाचारकर्ताओं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले लोगों को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद नहीं बल्कि देशवासियों को 'नया भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण के लिए प्रेरित करने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं। जिन्होंने लंबे समय तक निरंतर जनसेवा करते हुए देश के विकास और जनभागीदारी को नई दिशा दी है।

### नए भारत के संकल्प पर दिया जोर

आगामी 7 जून को उनके लगातार सार्वजनिक सेवा के इस लंबे सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा होने जा रहा है। जो देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री मिथलेश्वरी वैष्णव, पार्षद डिलेश्वर साहू, संतोष साहू, चंद्रिका साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर, दक्षिण मंडल मंत्री रश्मि साहू, सुरेश साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सचिव आशीष डोंगरे सहित बड़ी संख्या में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन 'मन की बात' के प्रभारी संतोष निर्मलकर ने किया।

# चिल्लर की किल्लत को लेकर 4 को होगा चिल्हर वितरण

**रामाधीन मार्ग स्थित तेरापंथी भवन में चिल्हर वितरण कार्यक्रम आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में बेरोजगारी की किल्लत को देखते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में 4 जून को चिल्हर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि व्यापारी भाइयों की सुविधा हेतु चिल्लर वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर जीतेंद्र यादव होंगे।

गुरुवार 4 जून को रामाधीन मार्ग स्थित तेरापंथ भवन में 10.30 बजे आयोजित उक्त चिल्हर वितरण कार्यक्रम में चिल्हर उपलब्ध कराने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक, एक्सीस बैंक, आईसीआईसीआई बैग का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

श्री बैद ने बताया कि प्रति व्यापारी 2000 रूपए तक की चिल्लर उपलब्ध रहेगी। सभी व्यापारी अपने व्यापार की आईडी साथ लेकर अवश्य आएं। चिल्लर वितरण प्रभारीः हरिश मोटवानी, राजकुमार बाफना, विजय कांकरिया, राजेश अग्रवाल व तरणदीप सिंह भाटिया को बनाया गया है। बताया गया है कि जो व्यापारी अभी तक चेंबर के सदस्य नहीं बने हैं। उनसे भी निवेदन किया गया है कि चेंबर की सदस्यता ग्रहण करें। सदस्यता फॉर्म स्थल पर उपलब्ध रहेगा। श्री बैद ने सभी व्यापारी भाइयों से निवेदन किया है कि इस सुविधा का लाभ समय पर पहुंचकर प्राप्त करें।

### शुभांक

बी. के.

1-4-8

अनुमानित 226-0 156-2

राजधानी

2-3-0

440-8 135-9

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका डिलेश्वरी पिथौरा पिता-मनहरण लाल पिथौरा जाति-हल्बा निवासी ग्राम किलारगोंदी मकान नं. 303 वार्ड नं. 13 तहसील अंबागढ़ चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर डिलेश्वरी अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान डिलेश्वरी पिथौरा (DILESHWARI PITHAURA) अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में डिलेश्वरी अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर डिलेश्वरी पिथौरा (DILESHWARI PITHAURA) अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-अंबागढ़ चौकी, दिनांकः-01/06/2026

आवेदिका
**डिलेश्वरी पिथौरा**
निवासी ग्राम : किलारगोंदी, तहसील-अंबागढ़ चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **BHAVISHA THAKKAR W/O ASHISH KUMAR THAKKAR** मैने अपना पुराना नाम **BHABISHA THAKKAR** को त्याग कर शादी के बाद अपना नया नाम **BHAVISHA THAKKAR** रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम **BHAVISHA THAKKAR W/O ASHISH KUMAR THAKKAR** के नाम से ही जाना पहचाना जावें।

**BHAVISHA THAKKAR**
HOUSE NUMBER 252
WARD NO.16, BANDHA BAZAR, DHADHUTOLA,
PO. BANDHA BAZAR,
DIS.- MOHLA-MANPUR,
A. CHOWKI (C.G.) 491668

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र.3877/नि.वि./05/26-27/वलेसहा    दिनांक : 29/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों ये निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 12/06/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 23/06/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 24/06/2026 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रमांक. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 05 T 0015 | जिला न्यायालय राजनांदगांव के बाउंड्रीवाल एवं गार्ड रूम का शेष निर्माण कार्य | 2.79 | 5000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल **www.cg.nic.in/pwdraipur** से भी अवलोकन किया जा सकता है।

**टीपः-** ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा। इस कार्यलय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदान किया जावेगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी- 262701090/1

# राजीव नगर में फूटा डायरिया का प्रकोप, गंदा पानी पीने से 10 बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजीव नगर (वार्ड क्रमांक 39) में नलों के माध्यम से आ रहे दूषित पेयजल ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। वार्ड में गंदा पानी पीने की वजह से 10 से 12 वर्ष की उम्र के करीब 10 बच्चे अचानक उल्टी-दस्त (डायरिया) के शिकार हो गए। बच्चों की तबीयत बिगड़ते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार प्राथमिक उपचार के बाद 2 बच्चों को छुट्टी (डिस्चार्ज) दे दी गई है, जबकि शेष बच्चों की स्थिति पर नजर रखते हुए उनका इलाज जारी है।

**उल्टी-दस्त के साथ कुछ बच्चों में पीलिया के भी लक्षण, स्वास्थ्य अमले ने लिया पानी का सैंपल, निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

### डायरिया के साथ पीलिया की भी आशंका, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उपचाराधीन कुछ बच्चों की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उनमें पीलिया (जॉन्डिस) के शुरुआती लक्षण होने की आशंका भी जताई है।

जिससे वार्डवासियों की चिंता और बढ़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग का अमला तुरंत अलर्ट मोड पर आ गया। प्रभावित इलाके में मेडिकल टीम भेजकर बीमारों की स्क्रीनिंग की जा रही है और प्रभावितों के स्वास्थ्य की सघन जांच कर सैंपल लिए जा रहे हैं।

### पूर्व पार्षद ने की शिकायत, निगम की टीम ने जांच के लिए लिया पानी का सैंपल

इस गंभीर जनसमस्या को लेकर राजीव नगर के पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता ऋषि शास्त्री ने तत्काल जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत की। शिकायत के बाद हरकत में आई नगर निगम के जल विभाग की टीम ने आनन-फानन में वार्ड पहुंचकर नलों से आ रहे पानी का सैंपल लिया है, जिसे लैबोरेट्री जांच के लिए भेजा गया है।

### पहले भी आ चुकी हैं शिकायतें, फिर भी लापरवाही

स्थानीय सजग नागरिकों और पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी राजीव नगर इलाके में नलों के माध्यम से गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई होने के कारण लोगों के बीमार होने की शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद नगर निगम के जल विभाग द्वारा पेयजल लाइनों के लीकेज और सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया। अब एक बार फिर मासूम बच्चों की सेहत खिलवाड़ होने से नगर निगम की लचर कार्यप्रणाली पर गंभीर उंगलियां उठने लगी हैं। वार्डवासियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की मांग की है।

# सुंदरकांड पाठ एवं भक्त शिरोमणि हनुमान जी की दिव्य झांकी से नारायण महामहोत्सव का हुआ शंखनाद

**श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाईन में आज दूसरे दिवस होगा महासर वाली माता का मंगल पाठ**



राजनांदगांव(दावा)। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव का शुभारंभ प्रथम दिवस भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्री नारायण धाम, श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन में आयोजित कार्यक्रम में शंखध्वनि, घंटानाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महामहोत्सव का विधिवत शंखनाद किया गया। महामहोत्सव के प्रथम दिवस भक्त शिरोमणि हनुमान जी के सुंदरकांड पाठ एवं दिव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देवी अर्चना एवं नेहा वैष्णव ने सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

### आज महासर वाली माता का मंगल पाठ

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि महामहोत्सव के द्वितीय दिवस महासर वाली माता महिला मंडल द्वारा महासर वाली माता का मंगल पाठ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिजीत जोशी अपनी मधुर स्वर सेवा प्रस्तुत करेंगे। महिला मंडल की सदस्याएं भी भक्ति एवं श्रद्धा से ओतप्रोत मंगल पाठ का आयोजन करेंगी। समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। पुरुषोत्तम मास में प्रभु भक्ति का प्रत्येक क्षण जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।

# झपटमारी प्रकरण का हुआ खुलासा, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा




**आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई नगदी एवं वाहन संबंधी दस्तावेज बरामद**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में झपटमारी के अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की गई है। बताया जाता है कि अटल आवास पेड्री निवासी आरोपी रोहित मंडावी पिता संजय मंडावी उम्र 27 वर्ष ने प्रार्थी के पर्स में रखें 800 रुपए नगद एवं वाहन की आरसी बुक लूट लिया था। आरोपी के कब्जे से लूटे गए सम्पूर्ण मशरूका बरामद कर लिया गया है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि आरोपी रोहित मंडावी आदतन अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### शराब भट्टी के पास लूट लिए गए उसके पर्स

इसी क्रम में 31 मई को प्रार्थी महेश साहू निवासी ग्राम परसाटोला ने थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि लगभग 9 बजे पुरानी शराब भट्ठी के पास आरोपी द्वारा उसका पर्स छीन लिया गया। पर्स में 800 रूपए नगद एवं वाहन क्रमांक सीजी 08 जीजे 3217 की आरसी बुक रखी हुई थी। इस पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 231/2026 धारा 304(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास पूछताछ की गई तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही रोहित मंडावी निवासी अटल आवास, पेण्ड्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया पर्स, 800 नगद तथा वाहन की आरसी बुक बरामद कर जप्त की गई। फिलहाल उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# आईपीएल फाइनल पर करोड़ों के सट्टे का नेटवर्क ध्वस्त: पुलिस ने जब्त किया 31.99 लाख नगद



**दो आरोपी गिरफ्तार**

रायगढ़। आईपीएल फाइनल मैच के दौरान ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत रायगढ़ पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर थाना और खरसिया चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने खरसिया क्षेत्र में छापेमारी कर एक सक्रिय ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से 31 लाख 99 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल फोन और एक नोट गिनने की मशीन बरामद की है।

### मौके पर दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस को सूचना मिली थी कि, आईपीएल फाइनल GT Vs RCB मुकाबले पर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर गठित टीम ने खरसिया में दबिश देकर दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। पूछताछ और जांच में एक संगठित सट्टा नेटवर्क के संचालन का खुलासा हुआ, जिसके तार कई अन्य लोगों से जुड़े पाए गए।

### मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच जारी

मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों गगन अग्रवाल पिता स्वर्गीय अनूप कुमार अग्रवाल उम्र 28 वर्ष पता गंज बाजार खरसिया, शुभम अग्रवाल उर्फ कालू पिता राजकुमार अग्रवाल उम्र 30 वर्ष पता गंज बाजार खरसिया के अलावा सिंडिकेट से जुड़े तीन अन्य व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ संगठित अपराध सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। जब्त किए गए मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर नेटवर्क के विस्तार और लेन-देन की जानकारी जुटाई जा रही है। बता दें कि, आरोपियों के कब्जे से 31 लाख 99 हजार 700 रुपये, मोबाइल, नोट गिरने की मशीन जब्त की गई है।

# घुमका नगर पंचायत पर पूर्णतः कब्जा करेगी भाजपा, जीत सुनिश्चित : मधुसूदन यादव व कोमल सिंह राजपूत





**नेताओं का दावा - मतदाताओं का उत्साह बता रहा है कि घुमका में खिलने जा रहा है कमल**

राजनांदगांव (दावा)। नवगठित घुमका नगर पंचायत चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अपनी बड़ी जीत का दावा किया है। भाजपा चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव, चुनाव प्रभारी ललित चंद्राकर और जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने संयुक्त बयान जारी कर भाजपा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण वर्मा की जीत को पूरी तरह सुनिश्चित बताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाताओं में जो अभूतपूर्व उत्साह और उमंग देखने को मिला, उससे साफ है कि भाजपा अधिकांश वार्डों में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर नगर पंचायत पर पूर्णतः कब्जा करने जा रही है।

### विकास की प्रतिबद्धता को मिला जनता का साथ

वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने घुमका के जागरूक मतदाताओं को रिकॉर्ड और शांतिपूर्ण मतदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता का यह भारी उत्साह इस बात का प्रतीक है कि घुमका के लोग नगर का सर्वांगीण विकास चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने घुमका के विकास को लेकर पहले ही अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी है। पार्टी ने संकल्प लिया है कि आने वाले ढाई वर्षों के भीतर ही चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को धरातल पर पूरा कर दिया जाएगा।

### घोषणा पत्र में विफल रही कांग्रेस, जनता ने नकारा

कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए मधुसूदन यादव और कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता को विकास कार्यों को लेकर कोई भी स्पष्ट रोडमैप या संदेश देने में पूरी तरह विफल साबित हुई। कांग्रेस के पास घुमका के भविष्य के लिए कोई विजन नहीं था। जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। मतदान के दौरान ही कांग्रेस प्रत्याशी रेस से पिछड़ते चले गए और जनता ने विकास के नाम पर भाजपा के पक्ष में एकतरफा वोट किया है। नेताओं ने विश्वास जताया कि मतगणना के बाद घुमका नगर पंचायत की कमान भाजपा के हाथों में होगी और क्षेत्र में विकास का नया अध्याय शुरू होगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से गणेश राम कंवर का बना पक्का घर




**पक्का घर बनने से जीवन में आया सकारात्मक बदलाव**

राजनांदगांव (दावा)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी गणेश राम कंवर भी ऐसे ही हितग्राहियों में शामिल हैं। जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पक्का आवास प्राप्त हुआ है।

गणेश राम कंवर ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से कच्चे मकान में निवास कर रहा था। बरसात के दिनों में घर की स्थिति खराब हो जाती थी और परिवार को असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। मौसम की मार और आवास की असुरक्षा हमेशा चिंता का विषय बनी रहती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवास के निर्माण के बाद अब उनका परिवार पक्के एवं सुरक्षित घर में रह रहा है। उन्होंने बताया कि पक्का मकान मिलने से परिवार को सुरक्षा के साथ-साथ सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। बच्चों के लिए भी बेहतर वातावरण उपलब्ध हुआ है और पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। गणेश राम ने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना ने उनके परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# सुशासन तिहार : पटपर क्लस्टर के 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत





**जनसमस्या निवारण शिविर में आए 891 आवेदन, मौके पर ही बांटे गए राशन कार्ड, आयुष्मान और पोषण किट**

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पटपर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शासन की मंशानुरूप गांव-गांव, द्वार-द्वार पहुंचकर आमजन की समस्याओं के समाधान एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली तथा विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही समस्याओं के समाधान की पहल की गई।

डोंगरगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के क्लस्टर पटपर शिविर में ग्राम पंचायत मेंढा, अमलीडीह, टप्पा, कोलिहापुरी नवा, उरईडबरी, झंडातलाब, पिनकापार, मोतीपुर, धनडोंगरी, भोथली, मक्काटोला, रामाटोला एवं पटपर सहित 13 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, बिहान समूह की महिलाएं, किसान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, विद्युत, स्वास्थ्य, वन, खाद्य, मत्स्य, परिवहन, सहकारिता, पशुधन विकास, ग्रामोद्योग, शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा हितग्राहियों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए। शिविर में कुल 891 आवेदन प्राप्त हुए। विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया।

शिविर के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में 7 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण प्रमाण-पत्र, 2 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड तथा 2 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 10 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई तथा पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, जनपद सदस्य अशोक नेताम, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, तहसीलदार डोंगरगढ़, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़, सरपंच बोधिराम साहू सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आज स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह दिव्यांगजनों को बाटेंगे उपकरण



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्पीकर हाउस कैंप कार्यालय में आज 2 जून को दोपहर 2 बजे पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को दिव्यांगों हेतु प्रयुक्त उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे, राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरणों का वितरण किया जाएगा। राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के दिव्यांगजनों से आयोजन का लाभ उठाने एवं नागरिकों से इस आयोजन में उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अतिरिक्त लूप लाइन और VDU के प्रतिस्थापन हेतु ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित है:

**निविदा सूचना क्रमांक:** ST-loopline-PMS--GJ-26 दिनांक: 25.05.2026

**कार्य का नाम:** a) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में परमलकसा और गंगाझरी स्टेशनों (EI स्टेशन) पर अतिरिक्त लूप लाइन उपलब्ध कराने के लिए S&T कार्य। b) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में एम्बेडेड PC के साथ VDU का प्रतिस्थापन।

**निविदा मूल्य:** ₹ 4,46,25,000/-

**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 8,92,500/- ,

**समापन अवधि:** 06 (छह) महीने।

**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल /संशोधित बोलियां दिनांक **15.06.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है ।

**वरिष्ठ मंडल S&T अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/21-83

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# आवारा व पालतू कुत्तों के नियंत्रण के लिए नगर निगम का बड़ा अभियान, अब तक 1300 का बधियाकरण



**आगामी बजट में डॉग शेल्टर, टीकाकरण और हर वार्ड में फीडिंग प्वाइंट बनाने का प्रावधान**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आवारा व पालतू कुत्तों के प्रभावी नियंत्रण तथा पशु स्वास्थ्य संरक्षण के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। शहर में बढ़ रही श्वानों (कुत्तों) की संख्या को नियंत्रित करने के लिए निगम प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस विशेष अभियान के तहत अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 1300 आवारा कुत्तों का बधियाकरण (स्टेरलाइजेशन) किया जा चुका है। इसके साथ ही, अलग-अलग वार्डों से नागरिकों द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर आक्रामक, हिंसक एवं पागल कुत्तों को त्वरित रूप से पकडऩे की कार्रवाई भी निगम के मैदानी अमले द्वारा लगातार की जा रही है, ताकि जनहानि को रोका जा सके।

### आगामी बजट में पशु कल्याण के लिए विशेष रोडमैप

नगर निगम ने इस समस्या के स्थायी समाधान और पशु स्वास्थ्य संरक्षण को मजबूत करने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में कई महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी प्रावधान शामिल किए हैं। जिसमें आवारा कुत्तों को सुरक्षित रखने और उनकी उचित देखरेख के लिए शहर में एक सर्वसुविधायुक्त डॉग शेल्टर का निर्माण किया जाएगा। कुत्तों को संक्रामक बीमारियों और रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर डीवॉर्मिंग (कृमिनाशक दवा देना) और एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। पशु क्रूरता निवारण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक फीडिंग प्वाइंट (श्वानों के भोजन का स्थान) विकसित करने का निर्णय लिया गया है। नगर निगम राजनांदगांव का यह समन्वित प्रयास एक ओर जहां शहरवासियों को आवारा कुत्तों के भय से मुक्ति दिलाएगा, वहीं दूसरी ओर बेजुबान पशुओं के स्वास्थ्य और संरक्षण को भी एक नई दिशा प्रदान करेगा।

# अंजोरा में सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण



**राष्ट्र निर्माण के लिए मिला प्रेरणादायी संदेश**

राजनांदगांव(दावा)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण अंजोरा में उत्साहपूर्वक सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू, संदीप साहू, चंदूलाल साहू एवं आर्यन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत तथा जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उपस्थित जनों ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को राष्ट्रहित एवं समाज के विकास के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया।

जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में साझा किए गए विचार युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों की सराहना करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

## अनमोल दावा

**जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही हमारा जीवन बन जाता है। इसलिए हमेशा सकारात्मक विचार रखें।**

# वीआईपी अपराधियों के लिए जेल मानो होटल?

सवाल है कि पैरोल का सिलसिला कानून है या विशेषाधिकार? हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स एक्ट के तहत कैदियों को पैरोल और फरलो का प्रावधान है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। राम रहीम को 2020 से 2026 तक 16 बार से ज्यादा पैरोल/फरलो मिल चुकी है। कुल मिलाकर 430 से अधिक दिन वे जेल से बाहर रहे।

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का मूल आधार है। अनुच्छेद 14 कहता है कि कानून के समक्ष सब समान हैं। लेकिन वास्तविकता अक्सर इसके उलट दिखती है। बलात्कार और हत्या के मामलों में सज़ा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह का मामला इसका स्पष्ट उदाहरण है। रोहतक की सुनारिया जेल, जहां वे बंद हैं, उनके लिए लगभग होटल जैसी सुविधाओं का केंद्र बन गई है, जबकि आम कैदी कठिन परिस्थितियों में सजा काटते हैं।

उल्लेखनीय है कि 2017 में दो साध्वियों के साथ बलात्कार के मामले में 20 वर्ष की सजा पाने के बाद राम रहीम रोहतक जेल में बंद हैं। बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और रंजीत सिंह हत्याकांड में आजीवन कारावास भी मिला। जेल में उनके लिए विशेष सेल, बोतलबंद पानी, सहायक कर्मी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। एक पूर्व कैदी ने आरोप लगाया था कि राम रहीम को अन्य कैदियों से ज्यादा समय मुलाकात के लिए मिलता है। जबकि सामान्य कैदियों को मात्र 20 मिनट मिलते हैं, वहीं राम रहीम को घंटों की छूट दी जाती रही। जेल प्रशासन ने इन आरोपों से इनकार किया, लेकिन राम रहीम को बार-बार मिलने वाली पैरोल और फरलो ने संदेह बढ़ाया है। रोहतक जेल में उनका रहना आम कैदियों के लिए कठिनाइयों के बीच विपरीत तस्वीर पेश करता है। जहां सामान्य कैदी भीड़भाड़, सीमित संसाधनों और सख्त नियमों में रहते हैं, वहीं राम रहीम को लगातार रिहाई और आरामदायक व्यवस्था मिलती रही।

ऐसे में सवाल उठता है कि पैरोल का सिलसिला कानून है या विशेषाधिकार ? हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स एक्ट के तहत कैदियों को पैरोल और फरलो का प्रावधान है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक और पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है। लेकिन राम रहीम के मामले में इसका दुरुपयोग स्पष्ट दिखता है। 2020 से 2026 तक उन्हें 16 बार से ज्यादा पैरोल/फरलो मिल चुकी है। कुल मिलाकर 430 से अधिक दिन वे जेल से बाहर रहे। मई 2026 में मिली 30 दिन की पैरोल पर वे जेल से बाहर निकले और सिरसा डेरे पहुंचे। यह उनकी 2026 की दूसरी पैरोल थी। कथित तौर पर ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं। क्योंकि ये रिहाइयां अक्सर चुनावों, धार्मिक कार्यक्रमों या त्योहारों के आसपास दी गईं। 2022 पंजाब, 2023 राजस्थान, 2024 हरियाणा चुनावों से पहले भी ऐसी छूट मिली। डेरे के लाखों अनुयायी एक बड़ा वोट बैंक हैं, जिसका राजनीतिक फायदा उठाने के आरोप लगते रहे।

बलात्कार और हत्या के अपराधी राम रहीम की बार-बार रिहाई पीड़ित परिवारों के लिए अपमानजनक है। 2017 में सजा के बाद हुए दंगे में 40 लोगों की मौत हुई थी। गवाहों पर दबाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति समेत कई संगठन इन पैरोलों की निंदा करते हैं। पत्रकार अंशुल छत्रपति ने इसे ÷कानून का मजाक÷ बताया। आम कैदियों के लिए पैरोल मिलना मुश्किल होता है। हरियाणा के आंकड़ों के अनुसार, जेलों में हजारों कैदी हैं, लेकिन सीमित संख्या को ही ऐसी छूट मिलती है। ऐसे में ये कहना ग़लत नहीं होगा कि राम रहीम को मिलने वाली लगातार रिहाइयां अन्य कैदियों में असंतोष पैदा करती हैं।

गौरतलब है कि रोहतक की सुनारिया जेल सामान्य रूप से क्षमता से अधिक भरी रहती है। कैदियों को बुनियादी सुविधाएं भी मुश्किल से मिलती हैं। लेकिन राम रहीम के लिए यहां विशेष इंतजाम किए जाते रहे। आरामदायक रहन-सहन, बेहतर भोजन और लगातार बाहर जाने की छूट। यह जेल उनके लिए सजा की जगह आरामगाह बन गई है। एक तरफ़ तो जेल सुधार की बातें होती रहती हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर उच्च प्रभाव वाले कैदियों को मिलने वाली सुविधाएं व्यवस्था की कमजोरी उजागर करती हैं। जहां गरीब या सामान्य अपराधी सालों जेल में सड़ते हैं, वहीं प्रभावशाली व्यक्ति यहाँ एक लक्ज़री होटल जैसी जिंदगी जीते दिखते हैं।

सवाल उठता है कि इस का क्या समाधान संभव है? पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य पुनर्वास है, न कि दुरुपयोग। इसलिए पुलिस प्रशासन व सरकार को इनमें पारदर्शिता लानी चाहिए। जैसे कि, रिहाई के फैसले स्वतंत्र समिति से करवाए जाएं। चुनाव के समय पैरोल पर रोक लगे। सभी कैदियों के लिए समान नियम लागू हों। जेलों में सीसीटीवी और मैन्युअल निगरानी की सख्ती बढ़े।

गुरमीत राम रहिम के मामले में हरियाणा सरकार को खुद पर लगे आरोपों का जवाब देना चाहिए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और अन्य संगठनों की आलोचना को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

गुरमीत राम रहीम जैसे प्रभावशाली अपराधियों को मिलने वाले ऐशो-आराम का मामला सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं है। यह न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल है। रोहतक जेल अगर एक कैदी के लिए होटल बन जाती है, तो कानून की गरिमा कहां रह जाती है? पैरोल का प्रावधान सभी के लिए समान होना चाहिए, न कि चुनिंदा प्रभावशालियों के लिए विशेषाधिकार।

# भारत ने श्रमिकों, किसानों, एमएसएमई के लिए खाड़ी देश में अवसरों के द्वार खोले



**पीयूष गोयल**



1 जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिये भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है।

भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाड़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200-300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं।

दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98प्रतिशत टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है।

यह सीईपीए से पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी।

भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीए भारतीय निर्यातकों को, जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

रोज़गार सृजन-यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुँचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं।

ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में ब?ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे।

भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों में भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केन्द्रों में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है।

किसान और मछुआरे-घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरीफ छूट नहीं दी है।

घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी।

यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा।

समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएँ हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियाँ उत्पन्न कर सकता है।

दवा और पारंपरिक चिकित्सा-यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी-जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीए भारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है।

सेवाएँ और आवागमन-समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएँ व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएँ, कंप्यूटर और आईटी सेवाएँ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएँ शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षा और परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाज़ार पहुँच से लाभ मिलने की उम्मीद है।

महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसने अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी-सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की मोदी सरकार की पहल प्रत्येक भारतीय के जीवन को बेहतर बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का हिस्सा है। ओमान के साथ समझौता याद दिलाता है कि व्यापार; विकास, रोजगार सृजन और साझा समृद्धि का एक शक्तिशाली उपकरण है। एक विभाजित और संरक्षणवादी दुनिया में, पीएम मोदी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि एक नया, आत्मविश्वासी भारत पीछे नहीं हटेगा। यह साझेदारियों, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 437 : श्री राम द्वारा अत्रि ऋषि के आश्रम की ओर जाने का निश्चय

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''यह क्या पुरुषोत्तम, हमें यह स्थान रिक्त करना होगा?'' - सीता जी ने पर्णकुटी के एक कोने में दीपक रखते हुए कहा। सीताजी कुटी के आंगन में तुलसी के पौधे के समक्ष दीपक रखकर अभी भीतर आई हैं। दोनों भ्राताओं की लंबी चर्चा के मध्य कक्ष में रात्रि का हल्का धुंधलका फैल चुका है। दिन के समय में पर्णभित्ति के सूक्ष्म छिद्रों से छनकर आने वाले सूर्य के प्रकाश की द्युति अब ओझल हो चुकी है। लंबी अवधि तक निवास करने के कारण सीताजी को इस पर्णकुटी से गहरा लगाव हो गया है।

श्री राम ने समझाया, ''एक संन्यासी को स्थान-मोह नहीं होना चाहिए सीते! तुम तो यह बात जानती हो।''



सीता जी ने उत्तर दिया, ''अवश्य आर्यपुत्र। मैं यह तथ्य अयोध्या के प्रस्थान समय से ही जानती हूँ।मुझे इस बात का अनुमान है कि हम एक ही स्थान पर स्थाई रूप से कभी ठहर नहीं पाएंगे और हमें लगातार स्थान परिवर्तन करते रहना होगा। इसके बाद भी, यह मानव स्वभाव है कि हमें अपने निवास स्थान से आत्मीयता हो ही जाती है।''

''यही आत्मीयता धीरे-धीरे मोह में बदल जाती है। जैसे इस स्थान से मोह बढ़ने की आशंका इसलिए भी है, क्योंकि यहाँ अयोध्यावासियों से हमारी भेंट हुई थी। गुरुदेव, माताएँ, भरत, शत्रुघ्न और अन्य प्रियजन की स्मृतियाँ हमें हमारे कर्तव्यपथ से विचलित कर सकती हैं। अयोध्या वासियों के यहां दोबारा आने की संभावना भी बनी हुई है। मेरे संन्यास व्रत के लिए यह उचित नहीं होगा।'' श्री राम ने कहा।

लक्ष्मण जी ने कहा, ''भैया, प्रतीत होता है कि अभी हमारी यात्रा का वह चरण प्रारंभ नहीं हुआ है, जिसमें दुष्ट असुरों से हमारा नियमित सामना हो। यह स्थान अयोध्या से अत्यधिक दूर भी नहीं है। अब क्या हमें इस स्थान से दक्षिण दिशा के घने दंडकवन की ओर प्रस्थान करना चाहिए?''

''हाँ लक्ष्मण! हमें पहले निकट स्थित अत्रि ऋषि के आश्रम जाना चाहिए और कोई यात्रा शुरू करने से पहले उनसे मार्गदर्शन और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। हम कल दिन के तीसरे प्रहर तक यहाँ से प्रस्थान करेंगे। इससे पूर्व हम लोग सभी आवश्यक तैयारियां कर लेंगे।''-श्री राम ने निर्देश दिया।

लक्ष्मण जी ने सहमति व्यक्त की और श्री राम से अनुमति लेकर पर्णकुटी के बाहर चले गए। सीता जी रात्रि आहार की तैयारी करने लगीं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ -साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### //अस्तित्व//

सिसक-सिसक कर रोया मटका ।
जीवन की उलझन में अटका ।।
नाता जग से टूट रहा है ।
चिंतित था सब छूट रहा है ।।
ना बच्चे ना बूढ़े आते।
उसे देख कर मुँह बिचकाते ।।
जोर-जोर से रोया मटका ।
सिर अपना धरती पर पटका ।।
कुंभकार आँगन में आया।
मटके को देखा घबराया।।
आगे उसने कदम बढ़ाया।
उसको हाथों से सहलाया।।

तुम मानव के रोग भगाते।
शीतल जल से प्यास बुझाते।।
मिट्टी की गुणवत्ता भारी।
जिसको भाये दुनिया सारी।।
मिट्टी से अस्तित्व हमारा।
इस मिट्टी में जीवन सारा।।
इक दूजे के साथी हम हैं।
नहीं किसी से हम भी कम हैं।।

यह कह कर उसने समझाया।
मटके का उत्साह बढ़ाया।।
कुंभकार-मटके की यारी।
देखो लगती कितनी प्यारी।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम
जिला-गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

## सामयिक चर्चा

# हमारा हाथ, सत्ता के साथ

खबर पढ़कर
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
ममता बनर्जी के घर की
आश्चर्यजनक खबर
पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में
मिली करारी हार के बाद
तृणमूल कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं है।
अब खुलकर आया किस्सा यही है
कि कही विधायक और सांसद
नाराज बताए जा रहे हैं।
इसको बल रविवार यानी 31 मई को
तब और मिला
जब अभिषेक बनर्जी पर हुए
हमले के बाद ममता के घर पर
होने वाली बैठक में
80 में से 60 विधायक पहुँचे ही नहीं।
इससे हड़कम्प मच गया।
इस पर गजाधर! आपके मन ने
आपसे क्या बात कही?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी!
राजनीति में अब तो भैया!
सब सत्ता का खेल है।
आपकी सत्ता नहीं तो,
हमारा आपसे क्या मेल है?
इसीलिए तो कहा गया है यही -
सत्ता है तो सब कुछ है,
सत्ता नहीं, तो कुछ भी नहीं।''
सोमवार 1 जून 2026



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।

**तुला** — तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। आपके काम की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा।

**धनु** — धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

**मकर** — मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे। आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेंगी।

**मीन** — मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

## कविता

### मोर कविता भाथे कहां

मीठल कोनो घिनाथे कहां।
जहार ल कोनो पचाथे कहां।
कड़वा ल कोनो खाथे कहां।
बिन खाय मनखे रथे कहां।
मोर कविता सुहाथे कहां।।
सचल लिखथव, सचबर लिखथव।
जईसन देखथव, तईसन लिखथव।
कोनो ल मय डर्रावव नहीं, कोनो के कहेल खावव नही।
पहिली खाके चिखथव, तब मय हर लिखथव।
मोर कविता हंसाथे कहां,
मोर कविता भाथे कहां।।
चापलुस करे ल आय नहीं, गुलामी मोला भाये नही।
मोर कविता म कांटा हे, छुये म मारत चांटा हे।
कविता मोर जीवन हे, कविता मोर छंद हे।
मोर कविता कड़वा करेला आय,
न वोमे रसगुल्ला हे, न वोमे कलाकंद हे।
मोर कविता गुदगुदाथे कहां,
मोर कविता कोनो ल भाथे कहां।।



आनंदराम सार्वा अनंत
कु.बो.भाठागांव

# ग्राम पंचायत कोटराभांठा में नशा मुक्ति संकल्प के साथ मनाया अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस



○ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू ने दिलाई शपथ
○ उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार ने बताया नशा से नुकसान और नशा मुक्ति के उपाय

राजनांदगांव(दावा)। अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत कोटराभांठा में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू के मुख्य आतिथ्य सहित ग्राम पंचायत सरपंच डॉन साहू, गणमान्य नागरिक जीवन लाल साहू पंच व आम नागरिक पंचायत सीमा में निवासरत विद्यालयीन, महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग के कला पथक दल द्वारा प्रस्तुत नशा मुक्ति संबंधी रंगारंग प्रेरक प्रस्तुति के साथ पंचायत मंच में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संबोधित करते हुए उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार द्वारा बताये गये संदेश का प्रसारण विभाग के कलापथक दल के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू द्वारा तंबाकू सहित नशीली पदार्थ के सेवन से संपूर्ण भारत में लगभग प्रतिवर्ष सत्तर लाख से अधिक लोगों की जान असमय ही चली जाती है। बीड़ी, सिगरेट गुटका पाउच, गुड़ाखू जैसी नशीली पदार्थ के गिरफ्त में अनेक ग्रामीण युवा, महिला, पुरुष सहित छात्र-छात्राएं आ चुके हैं। जिससे हमारे देश मे कैंसर हार्ट अटैक जैसी परिस्थितियां निर्मित हो गई है। भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा इससे बचाव के लिए बहुत कारगर उपाय किए जा रहे हैं। विद्यालय/महाविद्यालय सहित शासकीय कार्यालय सीमा में नशा मुक्त व नशा के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। हमारा विभाग नशा मुक्ति के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर निरंतर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

उन्होंने कहा कि मैं समाज कल्याण विभाग की ओर से आप सभी से अनुरोध करता हूं, आप सभी आज संकल्प ले, अपने-अपने घर परिवार में जो भी नशा करता है। उन्हें बतावे कि जीवन अनमोल है। नशा न करने प्रेरित करें। कार्यक्रम को ग्राम सरपंच डॉन साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू आदि द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का रोचक संचालन समाज कल्याण विभाग के वरिष्ट कलाकार बीरसिंह साहू द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन तिहार सिंह ध्रुव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देवकुमार साहू, बंसीराम साहू, बिहान समूह अध्यक्ष श्रीमती कामता साहू, श्रीमती सीमा साहू, पंच श्रीमती कुमारी कंवर, श्रीमती हलेश्वरी साहू सहित समाज कल्याण विभाग के कलाकार रामप्रसाद यादव, सुनील कुमार चुरेंद्र, बालकृष्ण बघेल, हरिहर दास महंत, कोमल सिंह देशमुख आदि उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़ में एटीएम कार्ड बदलकर छात्र से 40 हजार रुपये की ठगी

### नया बस स्टैंड स्थित एसबीआई एटीएम की घटना, पिता के खाते से पार हुई रकम, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी




डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के व्यस्ततम इलाका नया बस स्टैंड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में एक शातिर ठग द्वारा चालाकी से एटीएम कार्ड बदलकर 40,000 रूपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। ठगी का शिकार हुआ पीड़ित युवा ग्राम बोरतलाव का निवासी है और राजनांदगांव के एक कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर डोंगरगढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मदद के बहाने एटीएम कक्ष में घुसा अज्ञात ठग

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्र 30 मई की सुबह लगभग 11 बजे अपने किसी निजी कार्य से डोंगरगढ़ आया हुआ था। इसी दौरान वह अपने पिता खेमराज पंधरे के एसबीआई एटीएम कार्ड से नया बस स्टैंड के सामने स्थित एटीएम बूथ में पैसे निकालने के लिए घुसा। छात्र ने मशीन में कार्ड स्वैप कर राशि निकालने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से कैश बाहर नहीं निकला। छात्र को परेशान देख वहां पहले से रेकी कर रहा एक अज्ञात व्यक्ति एटीएम कक्ष के भीतर दाखिल हुआ। उसने छात्र से बेहद हमदर्दी दिखाते हुए पूछा कि पैसा निकल रहा है या नहीं?

### नजरें भटकाकर बदला कार्ड, मोबाइल पर आया 40,000 का मैसेज

जैसे ही छात्र ने पैसा नहीं निकलने की बात कही। शातिर ठग ने उसका ध्यान भटकाने के लिए कुछ क्षण के लिए बाहर सड़क की ओर देखने का नाटक किया। इसी बीच आरोपी ने पलक झपकते ही चालाकी से छात्र के हाथ से असली एटीएम कार्ड ले लिया और उसकी जगह वैसा ही दूसरा फर्जी कार्ड थमाकर वहां से रफूचक्कर हो गया। छात्र इस चालबाजी को समझ नहीं पाया। कुछ ही समय बाद छात्र के पिता खेमराज पंधरे के मोबाइल पर उनके बैंक खाते से 40,000 रूपए कटने का मैसेज प्राप्त हुआ। पिता ने तत्काल इसकी जानकारी बेटे को दी। जिसके बाद छात्र ने जब अपने हाथ में मौजूद एटीएम कार्ड की जांच की, तो उसके होश उड़ गए। वह कार्ड किसी और का था।

### पुलिस ने शुरू की जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

खाते से इतनी बड़ी रकम पार होने के बाद पीड़ित परिवार ने तत्काल डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई और आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बैंक प्रबंधन के सहयोग से एटीएम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि हुलिए के आधार पर आरोपी की शिनाख्त की जा सके।

# पहला कॉलम...

## कांग्रेस को जनता के आशीर्वाद पर भरोसा - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने नवीन नगर पंचायत घुमका क्षेत्र की जागरूक जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि नगर की जनता ने विकास, जनहित, पारदर्शिता और जवाबदेह नेतृत्व के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। विष्णु लोधी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती फूलमती वर्मा एवं कांग्रेस समर्थित वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को जिस प्रकार सभी वर्गों का स्नेह, समर्थन और विश्वास प्राप्त हुआ। वह स्पष्ट संकेत है कि घुमका की जनता विकास और जनसेवा की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती फूलमती वर्मा तथा 15 वार्डों के कांग्रेस समर्थित पार्षद प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं और जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहा है।

## सुशासन तिहार के कुकुरमुड़ा शिविर में जवाहर लाल निषाद हुए लाभान्वित, जाल वितरण से बढ़ेगी आय



खैरागढ़ (दावा)। विकासखंड छुईखदान के ग्राम खपरीदरबार निवासी जवाहर लाल निषाद के लिए सुशासन तिहार-2026 का समाधान शिविर नई उम्मीद लेकर आया। ग्राम कुकुरमुड़ा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उन्हें मत्स्य पालन कार्य को बढ़ावा देने हेतु जाल (फिशिंग नेट) का वितरण किया गया। इस सहायता से उनकी आजीविका को नई दिशा मिली है। जवाहर लाल निषाद लंबे समय से मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।। सीमित संसाधनों के कारण उन्हें पर्याप्त मात्रा में मछली पकड़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिससे उनकी आय भी प्रभावित होती थी। समाधान शिविर में उनकी आवश्यकता को देखते हुए मत्स्य विभाग द्वारा उन्हें जाल उपलब्ध कराया गया।जाल प्राप्त होने के बाद उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अब वे अधिक प्रभावी ढंग से मत्स्याखेट कर सकेंगे। इससे मछली उत्पादन और बिक्री में वृद्धि होगी तथा परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शासन की इस पहल से उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। जवाहर लाल निषाद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह पहल ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

## फेयर प्ले की आड़ में ऑनलाइन सट्टे का खेल, भिलाई से दो बुकी गिरफ्तार

दुर्ग (दावा)। आईपीएल फाइनल के रोमांच को कमाई का जरिया बनाने वाले दो ऑनलाइन सट्टेबाजों पर दुर्ग पुलिस ने शिकंजा कस दिया। फेयर प्ले नाम की आईडी के जरिए करोड़ों के ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े दो आरोपियों को छावनी पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से सट्टा संचालन में इस्तेमाल किए जा रहे चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं और दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। थाना छावनी पुलिस को 31 मई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कैंप-2 भिलाई के कसाई मोहल्ला स्थित नहर किनारे कुछ युवक आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच खेले जा रहे फाइनल मुकाबले पर ऑनलाइन दांव लगवा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई की और दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान आतीश गौर (30 वर्ष), निवासी सर्कुलर मार्केट श्रीराम डेयरी के पास, कैंप-2 भिलाई तथा नियाज अहमद (40 वर्ष), निवासी प्रकाश आटा चक्की के पास, कैंप-2 भिलाई के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से नथिंग, वीवो, मोटोरोला और लावा कंपनी के कुल चार मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत 32 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे फेयर प्ले नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आईडी के जरिए सट्टा खेलते और खिलाते थे। सट्टे का पूरा हिसाब व्हाट्सएप पर रखा जाता था और मुनाफे की रकम आपस में बांट ली जाती थी। पुलिस से बचने के लिए लेन-देन का रिकॉर्ड समय-समय पर मोबाइल से डिलीट कर दिया जाता था। थाना छावनी में अपराध क्रमांक 365/26 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 एवं 12 तथा बीएनएस के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

बहरहाल, आईपीएल का रोमांच जहां करोड़ों दर्शकों को जोड़ता है, वहीं ऑनलाइन सट्टेबाजी का यह काला कारोबार युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। दुर्ग पुलिस की यह कार्रवाई ऐसे नेटवर्क चलाने वालों के लिए साफचेतावनी है कि डिजिटल पर्दे के पीछे छिपा अपराध अब ज्यादा दिन छिप नहीं सकता।

# ईद-उल-अजहा पर खैरागढ़ में दिखा भाईचारे और आस्था का संगम



एक दूसरे को बधाई देकर मनाया गया पर्व

खैरागढ़ (दावा)। त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देने वाला पवित्र पर्व ईद-उल-अज़हा गुरुवार को खैरागढ़ में धार्मिक श्रद्धा और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। दाऊचौरा स्थित ईदगाह में सुबह सामूहिक नमाज अदा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद फखरुद्दीन रिजवी ने अपने संबोधन में ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व त्याग विश्वास और मानवता की सीख देता है। उन्होंने समाज में प्रेम सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद-उल-अज़हा हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी और अल्लाह के प्रति उनकी अटूट आस्था की याद में मनाया जाता है। यही कारण है कि इस पर्व को कुर्बानी का त्योहार भी कहा जाता है। जिला मुस्लिम समाज एवं इकरा फाउंडेशन के सचिव मोहम्मद याहिया नियाजी ने कहा कि यह पर्व सेवा त्याग और इंसानियत की भावना को मजबूत करता है तथा समाज को एक-दूसरे की मदद और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता है।

### नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान पहुंचे

जहां उन्होंने अपने मरहूम परिजनों की मगफिरत के लिए फातिहा पढ़ी। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे नगर में उत्सव और सौहार्द का माहौल बना रहा। ईदगाह परिसर के आसपास सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सुबह से सक्रिय रहा। थाना प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# टटेंगा स्कूल में पक्षी संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित



हरदी (दावा)। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के शिक्षक अजय पाठक, रीना बोरकर हेपशीबा एंथोनी और पवन सिन्हा ने पक्षी संरक्षण के लिए एक विशेष कार्य सभी को निःशुल्क 'सकोरा दान' किया है। इस अभियान के तहत उन लोगों के द्वारा अपने निवास तथा कार्यस्थल के आसपास के क्षेत्रों में नागरिकों, विद्यार्थियों व सहकर्मियों को निःशुल्क मिट्टी के सकोरे बांटे जा रहे हैं, ताकि बेजुबान पक्षियों को पीने का पानी मिल सकें। व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि गर्मियों में पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख जाते हैं। इस वजह से हर साल सैकड़ों पक्षी प्यास के कारण दम तोड़ देते हैं।

अभियान में शामिल पर्यावरण प्रेमी व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने सभी से अपील की है कि वे इन सकोरों को नियमित रूप से साफ करें और रोज सुबह इनमें ताजा पानी भरें। मिट्टी के बर्तनों में पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है, जो पक्षियों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी व पवन सिन्हा ने अपने घरों की छतों और बाल्कनी में पानी से भरे सकोरे रखने का आग्रह किया।

# तहसील कृषि वस्तु विक्रेता संघ डोंगरगढ़ की नई कार्यकारणी का गठन





मनीष कुमार सोनी अध्यक्ष, गिरधर वर्मा सचिव एवं उपकार साहू को कोषाध्यक्ष का दायित्व

डोंगरगढ़ (दावा)। तहसील कृषि वस्तु विक्रेता संघ ब्लॉक डोंगरगढ़ की नई कार्यकारणी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से नए मुख्य पदाधिकारियों और क्षेत्रीय सेक्टर प्रभारियों की घोषणा की गई है। संघ की इस नई टीम से क्षेत्र के कृषि व्यवसायियों और किसानों में हर्ष का माहौल है।

मुख्य पदों पर नियुक्तियां कर संघ के सुचारू संचालन के लिए प्रमुख जिम्मेदारी अनुभवी चेहरों को सौंपी गई है। अध्यक्ष पद का दायित्व ग्राम ढारा निवासी और उषा किसान सेवा केंद्र के संचालक भाजपा नेता मनीष कुमार सोनी को दिया गया है। विज्ञान कृषि केंद्र पारागांव के संचालक गिरधर वर्मा को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया है। साहू कृषि केंद्र डोंगरगढ़ के संचालक उपकार साहू को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

जिला अध्यक्ष स्वदेश अग्रवाल, जिला सचिव संदीप जैन, कोषाध्यक्ष लूकेश तुरकर एवं उपाध्यक्ष संजय जैन की उपस्थिति में पदाधिकारी को शपथ ग्रहण करवा कर पदभार सोपा गया। साथ ही विभिन्न सेक्टरों के पदाधिकारियों की घोषणा कर संघ को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए 6 अलग-अलग सेक्टरों में उपाध्यक्ष, सहसचिव और सह-कोषाध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। एलबी नगर सेक्टर से उपाध्यक्ष यज्ञदत्त साहू, सह कोषाध्यक्ष मनीष साहू, मुसरा सेक्टर से उपाध्यक्ष मनसुख वर्मा, सहसचिव दिलीप वर्मा, सह कोषाध्यक्ष टोमन वर्मा, मुरमुंदा सेक्टर से उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सहसचिव अखिलेश गहरवाल, सह कोषाध्यक्ष साहिल सिन्हा, ढ़ारा सेक्टर से उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, सहसचिव- डीके वर्मा, सह कोषाध्यक्ष डोमेश वर्मा, मोहारा सेक्टर से उपाध्यक्ष अनुज मंडावी, सहसचिव संकलित वर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा, बोरतलाव सेक्टर से उपाध्यक्ष-कमलेश वर्मा, सहसचिव लोकेश पारधी को जिम्मेदारी दी गई। संरक्षक के रूप में संघ के कुशल मार्गदर्शन के लिए सुमित ब्राम्हणकर (जिला सह सचिव) सहित मधु देवांगन, गोवर्धन सिन्हा, हरजीत सिंह अरोड़ा, रवि अग्रवाल और हरगोविंद विजयवार को शामिल किया गया है।

नवनियुक्त अध्यक्ष मनीष कुमार सोनी ने कहा कि संघ वर्ष 2016 से अपनी स्थापना के बाद से लगातार व्यापारियों के हित में कार्य कर रहा है। नई कार्यकारिणी आगामी समय में कृषि विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और किसानों के साथ बेहतर समन्वय बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के समस्त कृषि वस्तु विक्रेताओं एवं किसान भाइयों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# नारायण खडेलवाल का 78वां जन्मदिन सरस्वती शिशु मंदिर मोहला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



शामिल हुये विधायक मंडावी व संस्था के पदाधिकारी व गुरूजन

मोहला (दावा)। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, मोहला में संस्था एवं व्यापारी संघ के संरक्षक, पूर्व सरपंच तथा समाजसेवी नारायणलाल खंडेलवाल का 78वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में विधायक इन्द्रशाह मंडावी, डॉ. कोवाची, संजय जैन, सुरजीत ठाकुर, कन्हैया सिंह राजपूत, मनोज यादव, योगेन्द्र सिंगने, दिलीप सिंगने तथा संस्था की प्राचार्य ने श्री खंडेलवाल के समाजसेवा एवं मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रामस्वरूप खंडेलवाल, शिवम खंडेलवाल, जितेन्द्र तिवारी सहित शाला परिवार के गुरुजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर परिवार ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं शतायु जीवन की कामना की।

# सेवानिवृत्ति पर परियोजना अधिकारी विनीता सोनी को भावभीनी विदाई



अंबागढ़ चौकी (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती विनीता सोनी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सभापति उपस्थित रहे। सभी ने श्रीमती सोनी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। वक्ताओं ने कहा कि महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उनके सरल व्यक्तित्व, कार्यकुशलता और सकारात्मक सोच ने विभाग में हमेशा बेहतर कार्य वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्रीमती सोनी को स्मृति-चिह्न एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

# 'धरती माता बचाओ, खेत बचाओ अभियान' के तहत ग्राम कुमरदा में किसान हुए जागरूक




जैविक विधि अपनाने और कम पानी में अधिक उपज देने वाली डीएसआर तकनीक से खेती करने की दी गई सलाह

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में चलाए जा रहे धरती माता बचाओ खेत बचाओ अभियान के तहत छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमरदा में किसानों एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। किसानों को खेती की नई तकनीकी, खेती में जैविक विधि अपना कर खेत बचाओ एवं पानी बचाओ, उन्नत किस्म की खेती कर उन्नति की डीएसआर विधि का उपयोग कर खेती करने के संबंध में जानकारी दी गई।

कृषि विस्तार अधिकारी सुदेश पटेल ने किसानों विभिन्न प्रकार की जैविक खेती करने के लाभ के बारे में बताया तथा जैविक विधि के माध्यम से खेती करने के सलाह दी। तकनीकी खेती अंतर्गत डायरेक्ट सी ड्रिल्स शोइंग एवं नील हरित का निर्माण कर नाइट्रोजन की बचत साथ हरी खाद की खेती कर खाद के रूप में उपयोग करने हेतु सलाह दी गई। कीटनाशक निर्माण हेतु जैविक कीटनाशक में 10 लीटर गोमूत्र, 1 किलो लहसुन, 1 किलो सीता पत्ता, 1 किलो का रंग पत्ता और 1 किलो नीम पट्टी सड़कर कीटनाशक निर्माण करने के बारे में बताया। इस दौरान एडीओ गौरीशंकर, आरईओ नितिन श्रीवास, श्रीमती शारदा जांबंधु, कृषि सखी, पशु सखी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## सीबीएसई 12वीं का री-इवैल्यूएशन और मार्क्स वेरिफिकेशन का प्रोसेस की तिथी बढ़ी



नई दिल्ली। सीबीएसई का क्लास 12वीं का री-इवैल्यूएशन और मार्क्स वेरिफिकेशन का प्रोसेस अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। पहले ये प्रक्रिया 29 मई से शुरू होने वाली थी लेकिन बाद में तारीख बदलकर 1 जून कर दी गई लेकिन आज भी पोर्टल ठप नजर आ रहा है। छात्र री-इवैल्यूएशन पोर्टल खोलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ये खुल नहीं रहा है। ऑफिशियल सीबीएसई पेज पर अभी 'अंडर मेंटेनेंस' मैसेज दिख रहा है और लिखा गया है कि यह सुविधा जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।

छात्रों ने बताया कि सीबीएसई का ्ब्लूस् क्लाउड स्टोरेज बकेट सेफ़ नहीं, इससे बिना ऑथेंटिकेशन के डेटा एक्सेस किया जा सकता है। छात्र वेदांत की आंसर शीट से सबसे पहले इसका खुलासा हुआ। वेदांत को गलत आंसर शीट देने का आरोप छ्ब्क्रस्थ्र पर लगा। फिर धड़ाधड़ 4 लाख से ज्यादा छात्रों ने अपनी अपनी आंसर शीट की स्कैन्ड कॉपी के लिए अप्लाई कर दिया। कइयों की आंसर शीट में गड़बड़ी देखी गई तब सीबीएसई और सरकार को इसपर कड़ा एक्शन लेना पड़ा।

बता दें कि 12वीं के लिए री-इवैल्यूएशन के लिए 4 लाख से ज्यादा छात्र आवेदन करना चाहते हैं। प्रक्रिया शुरू होने पर छात्रों की कॉपी की दोबारा जांच होगी। तो वहीं लखनऊ हाईकोर्ट में छ्ब्क्रस्थ्र के ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि जल्दबाजी में लागू किए गए सिस्टम ने लाखों छात्रों के रिजल्ट को शक के घेरे में डाल दिया। जिन स्टूडेंट्स को अपनी आंसरशीट की चेकिंग, मार्किंग और टोटलिंग को लेकर कोई आपत्ति है तो वे अब अप्लाई कर सकेंगे। जिन्होंने अपनी आंसरशीट की स्कैन की हुई कॉपी प्राप्त कर ली है, वे आंसरशीट री-वैल्यूएशन प्रोसेस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 'वेसाक' त्योहार मना रहे लोगों को पिकअप ने रौंदा, 6 की मौत; 13 घायल

कोलंबो। श्रीलंका में एक बौद्ध त्योहार के दौरान पिकअप की टक्कर से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना में 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वेसाक त्योहार मना रहे लोगों की भीड़ सड़क किनारे खाने का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप ने भीड़ में खड़े कई लोगों को टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक पिकअप चालक नशे में था। घटना के बाद वह फरार हो गया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि कोलंबो के बाहरी इलाके में कुछ लोग बौद्ध त्योहार वेसाक मना रहे थे। इस दौरान नशे में धुत एक व्यक्ति ने भीड़ के बीच पिकअप घुसा दी। इस घटना में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। मामला रविवार रात का बताया जा रहा है। यहां कोलंबो के उपनगर मीगोडा में वेसाक उत्सव मनाया जा रहा था। इस दौरान सड़क किनारे खाने के लिए लगी दुकानों पर कुछ लोग इंतजार कर रहे थे, तभी पिकअप ने लोगों को रौंद दिया। पुलिस के मुताबिक हादसे में 35 से 38 वर्ष की आयु के तीन पुरुषों और 15 से 56 वर्ष की आयु की तीन महिलाओं की मौत हो गई। इस दौरान एक शिशु सहित 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि 42 वर्षीय चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया। हालांकि कुछ दूरी पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसने शराब का सेवन किया था और गाड़ी चलाते समय वह नशे में था।

## सेंसेक्स 508 और निफ्टी 165 अंकों की गिरावट के साथ बंद

नई दिल्ली। सोमवार को हरे निशान में खुला घरेलू शेयर बाजार अंत में एक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। हफ्ते के पहले दिन, आज बीएसई सेंसेक्स 508.40 अंकों (0.68 प्रतिशत) की बड़ी गिरावट के साथ 74,267.34 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 165.15 अंकों (0.70 प्रतिशत) के नुकसान के साथ 23,382.60 अंकों पर कारोबार बंद किया। सोमवार को गिरावट के बीच आईटी स्टॉक्स में अच्छी तेजी देखने को मिली। बताते चलें कि आज सेंसेक्स ने तेजी के साथ 75,203.02 अंकों पर और निफ्टी 50 ने भी बढ़त लेकर 23,654.50 अंकों के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की थी। आज सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 6 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 24 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की भी 50 में से सिर्फ 10 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 40 कंपनी के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टेक महिंद्रा के शेयर आज सबसे ज्यादा 3.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा 2.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# नॉर्वे चेस 2026 : कार्लसन ने दर्ज की बड़ी जीत, गुकेश और दिव्या हारे

ओस्लो। नॉर्वे चेस 2026 के छठे राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही, जिससे खिताब की दौड़ और दिलचस्प हो गई है।

पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट लीडर अलीरेजा फिरोजा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा और बाद के चरण में अपनी बढ़त का फायदा उठाकर जीत हासिल की। यह फिरोजा की टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल हार रही। एक अन्य मुकाबले में वेस्ली सो ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा को हराया। लंबा चला यह




मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन एंडगेम में वेस्ली ने बेहतर खेल दिखाते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के साथ वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

वहीं, मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के विंसेंट कीमर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। कीमर इस मुकाबले में गुकेश पर शुरुआत से ही हावी रहे और वह अपने दमदार खेल को अंत तक बरकरार रखने में सफल रहे। विंसेंट ने गुकेश को वापसी करने का मौका नहीं दिया और शानदार जीत दर्ज की।

छठे राउंड के बाद वेस्ली सो पहले स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा फिरोजा उनके करीब बने हुए हैं। मैग्नस कार्लसन की जीत से खिताब की दौड़ और रोमांचक हो गई है। महिला वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन वेनजुन ने भारत की दिव्या देशमुख को हराकर दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत दर्ज की। जू वेनजुन ने धैर्य के साथ खेलते हुए एंडगेम में बढ़त हासिल की और मुकाबला अपने नाम किया।

दूसरी ओर, बिबिसारा असौबायेवा ने आर्मागेडन मुकाबले में जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए और महिला वर्ग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। छह राउंड के बाद असौबायेवा 9.5 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि दिव्या देशमुख 8.5 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर बनी हुई हैं।

## जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने भगदड़ में मरने वाले फैंस को समर्पित किया खिताब



नई दिल्ली। आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले में RCB की टीम अपना खिताब बचाने में कामयाब रही।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर की टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस तरह RCB के कप्तान रजत पाटीदार का नाम IPL इतिहास में दर्ज हो गया। रजत पाटीदार तीसरे ऐसे कप्तान बने हैं, जिन्होंने लगातार 2 सीजन खिताब अपने नाम किया है। RCB जब खिताब जीतकर लौटी, तो जश्न के दौरान बेंगलुरु में भगदड़ मचने से 11 फैंस की मौत हो गई। इस हादसे से RCB की टीम को भी गहरा धक्का लगा था। यही वजह है कि लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के बाद रजत पाटीदार ने पिछले साल भगदड़ में जान गंवाने वाले फैंस को याद करते हुए बड़ा बयान दिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने ऋष्ब्क्ल का दूसरा ढ्ढक्रु खिताब भगदड़ के पीड़ितों को समर्पित किया। ऋष्ब्क्ल अपने पहले ढ्ढक्रु खिताब का जश्न नहीं मना पाई थी, क्योंकि अगले ही दिन चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई एक दुखद भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी, जिससे खुशी दुख और पीड़ा में बदल गई थी।

## आरसीबी की ऐतिहासिक जीत के बाद क्या बेंगलुरु में निकलेगी विक्ट्री परेड ?



नई दिल्ली। आईपीएल 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस जश्न के माहौल में डूबे हुए हैं। गुजरात टाइटंस को फाइनल में एकतरफा अंदाज में हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतने वाली RCB अब IPL इतिहास के सबसे खास क्लब में शामिल हो गई है।

लेकिन इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बावजूद बेंगलुरु की सड़कों पर भव्य विक्ट्री परेड निकलने की संभावना फिलहाल बेहद कम नजर आ रही है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराने के साथ ही RCB IPL के 19 साल के इतिहास में लगातार दो खिताब जीतने वाली सिर्फ तीसरी टीम बन गई। इससे पहले केवल चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ही यह कारनामा कर पाए थे। इतनी बड़ी उपलब्धि के बाद आमतौर पर टीमों के लिए शानदार रोड शो और विजय जुलूस आयोजित किए जाते हैं। हालांकि अहमदाबाद में खिताब जीतने के तुरंत बाद RCB द्वारा जारी किए गए आधिकारिक बयान ने संकेत दिए हैं कि इस बार जश्न सीमित ही रह सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋष्ब्क्ल की टीम 1 जून को बेंगलुरु लौटने की भी योजना नहीं बना रही है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने दो साल के सूखे को किया खत्म, सिंगापुर ओपन 2026 ट्रॉफी की अपने नाम

नई दिल्ली। भारत की नंबर-1 स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 31 मई को सिंगापुर ओपन 2026 में मेंस डबल्स के फाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने के साथ इतिहास रच दिया। सात्विक-चिराग की जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना इंडोनेशिया की नंबर-3 वरियता प्राप्त फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी से था, जिसमें तीन सेट तक चले इस मैच को वह 2-1 से अपने नाम करने में कामयाब रहे। सात्विक-चिराग इस जीत के साथ 2 साल से चले आ रहे सूखे को भी खत्म करने में कामयाब रहे जिसमें उन्होंने क्क्ब्ल्स्न खिताब जीता है।




सिंगापुर ओपन 2026 के मेंस डबल्स इवेंट के फाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग की जोड़ी का आगाज अच्छा नहीं रहा जिसमें पहले सेट में उन्हें 21-18 के अंतर से इंडोनेशिया की जोड़ी मात देने में कामयाब रही थी। इसके बाद सात्विक-चिराग ने शानदार वापसी करने के साथ दूसरे सेट में अपने दबदबे का एहसास कराते हुए उसे 21-15 के अंतर से जीता और मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब सभी की नजरें इस मैच के तीसरे और निर्णायक सेट पर थी जिसमें दोनों जोड़ियों के बीच में सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन अंत में सात्विक-चिराग ने अपनी लय को बरकरार रखने के साथ 21-16 के अंतर से जीत हासिल की पहली बार अपने करियर में सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने में कामयाब रहे। मेंस डबल्स का ये फाइनल मुकाबला कुल 73 मिनट तक चला। इससे पहले सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल मुकाबले में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा नंबर-1 पुरुष जोड़ी को मात देते हुए फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का किया था।

सात्विक-चिराग ने सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के साथ क्क्ब्ल्स्न वर्ल्ड टूर टाइटल के चले आ रहे सूखे को भी खत्म कर दिया। यह सात्विक और चिराग का मई 2024 में जीते गए थाईलैंड ओपन के बाद पहला क्क्ब्ल्स्न वर्ल्ड टूर खिताब है। इससे पहले पिछले 2 सालों में सात्विक-चिराग की जोड़ी को तीन फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें इस महीने की शुरुआत में हुआ थाईलैंड ओपन भी शामिल है। हालांकि दोनों अपनी इस लगातार हार के सिलसिले को अब खत्म करने में कामयाब रहे।

## श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, हेटमायर की वापसी

एंटीगुआ। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। शिमरोन हेटमायर की वनडे टीम में वापसी हुई है। माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए ही हेटमायर को वनडे टीम में जगह दी गई है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि हेटमायर तीसरे और आखिरी मैच से पहले टीम में शामिल होंगे। टीम में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की भी वापसी हुई है, जो जुलाई 2025 से पीठ की चोट के कारण बाहर थे। इसके साथ ही गुडाकेश मोती को भी जगह दी गई है, जो नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज़ में नहीं खेल पाए थे। जोसेफ पीठ की चोट से उबरने के बाद पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अपना पहला इंटरनेशनल




मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे। यह सीरीज 3-8 जून को जमैका के सबीना पार्क में होगी। इस मुकाबले के साथ वेस्टइंडीज 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने के अपने अभियान की अहम शुरुआत करेगा। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी ने कहा कि श्रीलंका एक मजबूत और अनुशासित वनडे टीम है। उनके खिलाड़ी हालात के अनुसार धैर्य और समझदारी से खेलना जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह सीरीज उनकी टीम के लिए अपने खेल का स्तर तय करने का अच्छा मौका है। टीम फील्डिंग में तेजी, बल्लेबाजी में स्पष्ट सोच और गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन दिखाना चाहती है।

सैमी के अनुसार, वेस्टइंडीज की कोशिश निडर, लेकिन समझदारी भरा क्रिकेट खेलने की है और टीम अपनी एक मजबूत पहचान बनाना चाहती है। कोच ने आगे कहा कि उनका लक्ष्य घरेलू मैदान को टीम का मजबूत किला बनाना है, जहां विरोधी टीमों के लिए जीत हासिल करना मुश्किल हो। इसके लिए वह चाहते हैं कि पूरी टीम मिलकर लगातार अच्छा प्रदर्शन करे और जीत में अहम योगदान दे। टीम किसी एक खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन पर निर्भर रहने के बजाय सामूहिक प्रयास से सफलता हासिल करना चाहती है।

उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीनों से टीम इसी सोच के साथ काम कर रही है। 3, 6 और 8 जून को श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मुकाबलों के बाद दोनों टीमें जमैका में ही तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेंगी, जिसके बाद एंटीगुआ में दो टेस्ट मैच भी खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज की वनडे टीम शाई होप (कप्तान/विकेटकीपर), एकीम ऑगस्टे, जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरोन हेटमायर, आमिर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स और शमर स्प्रिंगर।

## पाकिस्तान में आईपीएल बैन, फिर भी पाकिस्तानी फैंस ने भी मनाई खुशी



नई दिल्ली। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाए. वैभव ने 16 मैचों की 16 पारियों में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप का अवॉर्ड जीता. उनके इस प्रदर्शन की दुनियाभर में बात हो रही है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है. पाकिस्तान में आईपीएल का प्रसारण बैन है, लेकिन फिर भी पड़ोसी देश में जमकर वैभव की तारीफ हो रही है. बता दें कि पिछले साल भारत में पाकिस्तान सुपर लीग के प्रसारण पर बैन लगाया गया था. इसके जवाब में पाकिस्तान ने आईपीएल पर बैन लगा दिया था. लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान में वैभव की बैटिंग को लेकर काफी बात हो रही है. इस बारे में पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज बासित अली ने खलीज टाइम्स को दिए अपने एक इंटरव्यू में बताया.

बासित अली ने कहा, ÷मेरे लिए क्रिकेट हमेशा पहले आता है. मेरा यूट्यूब चैनल है जहां मैं क्रिकेट का विश्लेषण करता हूं और क्रिकेटरों के बारे में बात करता हूं. मैं कभी खिलाड़ी की नागरिकता नहीं देखता- चाहे वो इंडिया, बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका या फिर वेस्टइंडीज से हो.

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी की बड़ी.....**

ईडी ने रायपुर स्थित विशेष न्यायालय (पीएमएलए) में अपनी छठी पूरक अभियोग शिकायत भी दायर की है, जिसमें चार नए आरोपियों को आरोपित किया गया है। इनमें विजय भाटिया (सिंडिकेट से घनिष्ठ संबंध रखने वाला व्यवसायी, जिसे दबाव में ओम साई बेवरेजेज में 52.5 प्रतिशत बेनामी हिस्सेदारी हस्तांतरित की गई थी), टी. भुवनेश्वर राव, प्रोबीर शर्मा (जिसने सिंडिकेट की ओर से करोड़ों रुपये नकद में पहुंचाए) और निखिल चंद्रकार शामिल हैं। इसके साथ ही पीएमएलए अभियोग में आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 85 हो गई है।

**टीएमसी विधायकों को पार्टी छोड़ने....**

उन्होंने इस फैसले को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर वह राष्ट्रीय राजधानी में भी विरोध प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस डराने, गिरफ्तार करने और चुनावी हेरफेर के जरिये टीएमसी को कमजोर करने में भाजपा को मदद कर रही है। उन्होंने कहा, हमें धरना देने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सड़क लगभग खाली रहती है और यह सिर्फ 100 लोगों का विरोध प्रदर्शन है। हमने पुलिस को पत्र दिया था। अगर वे वहां अनुमति नहीं देना चाहते थे तो कोई दूसरा स्थान सुझा सकते थे। अगर अनुमति नहीं मिली तो मैं अकेले दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करूंगी। हाल ही में टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर सियासी दौरों के दौरान हमले हुए हैं। इसके बाद ममता बनर्जी की ये टिप्पणियां सामने आई हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी इस हमले में घायल हुए थे और फिलहाल घर पर स्वस्थ हो रहे हैं। वहीं, श्रीरामपुर से सांसद और संसद में टीएमसी की मुखर आवाज माने जाने वाले कल्याण बनर्जी भी भीड़ का निशाना बने थे। भाजपा पर तीखा हमला करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि ये हमले विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं को खत्म करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, आपने अभिषेक और कल्याण बनर्जी को मारने की कोशिश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पुलिस राज चल रहा है और प्रशासन सुनियोजित तरीके से टीएमसी की राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा रहा है।

**चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी ने.....**

पर रविवार को एक बेहद महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में विधायक संदीपन साहा और ऋत्नब्रत बनर्जी शामिल नहीं हुए थे। बैठक से दूरी बनाने के साथ ही संगठन ने यह भी पाया कि दोनों नेता लगातार मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसे बयान दे रहे थे, जो तृणमूल कांग्रेस के हितों और नीतियों के पूरी तरह खिलाफ थे। टीएमसी के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि मामले पर गहन विचार-विमर्श करने के बाद दोनों विधायकों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तुरंत बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इस निष्कासन के बाद संदीपन साहा और ऋत्नब्रत बनर्जी के पास पार्टी से जुड़ा कोई भी पद, जिम्मेदारी या विशेषाधिकार नहीं रहेगा। यह आदेश नोटिस जारी होने की तारीख से ही पूरी तरह प्रभावी मान लिया गया है।

**नीट पेपर: पुणे के टीचर ने लीक किया पेपर....**

आदेश देने से इनकार करते हुए कहा कि परीक्षा कराने वाली अथारिटीज की व्यावहारिक दिक्कतें समझिए। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार तीन आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इनमें एनटीए से संबद्ध भौतिकी की लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार, महाराष्ट्र के लातूर निवासी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शिरुरे और पुणे के भौतिकी शिक्षक तेजस हर्षद कुमार शाह हैं। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने सीबीआइ की ओर से दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इससे पूर्व मनीषा की सीबीआइ हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ाई गई थी, जबकि डॉ. मनोज शिरुरे और तेजस हर्षद कुमार शाह को 27 मई को पांच दिन की सीबीआइ रिमांड पर भेजा गया था। सीबीआइ के अनुसार, मनीषा हवलदार ने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर साजिश के तहत बिना किसी अधिकृत अनुमति के नीट-यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र अपने पास रखा और धन के बदले उसे साझा किया। सीबीआइ अब तक इस मामले में 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**छत्तीसगढ़ में अब किश्तों में मिलेगी खाद....**

वितरित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर नैनो यूरिया का विकल्प दिया जा सकेगा।

*0 छोटे किसानों को पूरी खाद्य, बड़े किसानों के लिए किस्तों में:* नई व्यवस्था में सीमांत किसानों को राहत दी गई है। जिन किसानों के पास 25 एकड़ तक भूमि है। उन्हें निर्धारित खाद्य एकमुश्त उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं 25 से 5 एकड़ तक भूमि रखने वाले लघु किसानों को यूरिया दो किस्तों में मिलेगा। दूसरी किस्त पहली किस्त मिलने के 20 दिन बाद दी जाएगी। पांच एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले बड़े किसानों को यूरिया तीन किस्तों में उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरी किस्त पहली किस्त के 20 दिन बाद और तीसरी किस्त दूसरी किस्त के 20 दिन बाद दी जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना बताया गया है कि किसान एक साथ अधिक मात्रा में खाद न लें और आवश्यकता के अनुसार ही उसका उपयोग करें।

**भारत ने फ्रांस को भेजा 114 राफेल खरीदने....**

काउंसिल ने लगभग चार महीने पहले वायुसेना के 114 राफेल खरीद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। रक्षा सचिव ने बयान में इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा था कि पहली बार मेक इन इंडिया के तहत, फ्रांस के बाहर राफेल का निर्माण किया जा रहा है। यह एक सरकार-से-सरकार (G2G) समझौते द्वारा समर्थित है, जिसमें कोई बिचौलिया नहीं है और परियोजना में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। G2G समझौते के तहत इसमें स्थानीयकरण का स्तर भी काफी ऊंचा है, और भारतीय हथियारों तथा प्रणालियों को इसमें एकीकृत करने का पूरा अधिकार भी दिया गया है। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं हैं। यह हमें लड़ाकू विमानों को अपेक्षाकृत तेजी से अपनी सेना में शामिल करने में भी सक्षम बनाता है। क्योंकि पहले राफेल मरीन विमान साल 2028 से आने शुरू हो जाएंगे। उसके बाद, कुछ समय बीतने पर यानी अब से लगभग साढ़े तीन साल बाद वायु सेना के लिए निर्धारित पहले राफेल विमान भी आने शुरू हो जाएंगे।

## 72 साल के बुजुर्ग से 1.47 करोड़ ठगे, 28 दिन डिजिटल अरेस्ट कर रखा

**CBI-ED अधिकारी बनकर बात करते थे आरोपी**

अहमदाबाद। गुजरात से साइबर धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 72 वर्षीय व्यक्ति से 1.47 करोड़ रुपये ठग लिए ग ए । अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और लोगों को ठगी के नए तरीकों से सावधान रहने की अपील की है। गृह मंत्रालय के साइबर सुरक्षा विभाग ने बताया कि ठगों ने सीबीआई, ईडी और अन्य एजेंसियों का अधिकारी बनकर बुजुर्ग से बात की। इस दौरान उन्हें लगातार डराया और पैसे ठगते रहे।

साइबर विंग के अधिकारियों ने बताया कि वीडियो कॉल और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए ठगों ने मनगठंत कहानी बनाई। इस कहानी के आधार पर उन्होंने बुजुर्ग पर अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। ठगों ने बुजुर्ग से कहा कि वह आपराधिक गतिविधियों में लगे हुए थे और उनकी डिजिटल जानकारी लीक होने के बाद पुलिस को सब पता चल चुका है। दबाव बढ़ाने के लिए ठगों ने बुजुर्ग को कथित तौर पर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इस दौरान बुजुर्ग हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी गई।

अधिकारियों के अनुसार पीड़ित को लगभग 28 दिनों तक लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव का शिकार बनाया गया। ठगों ने बुजुर्घ से कहा कि अगर उन्होंने परिवार के सदस्यों को इस बारे में बताया या किसी से मदद लेने की कोशिश की तो उनकी कानूनी स्थिति और बिगड़ जाएगी। जालसाजों ने पीड़ित पर कंट्रोल बनाए रखने के लिए उन्हें लगातार डराया और दबाव बनाए रखा।

# मुड़ीपार बना जिले के लिए प्रेरणा : यूजर चार्ज (स्वच्छता शुल्क) से मजबूत हुई स्वच्छता व्यवस्था





खैरागढ़ (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत मुड़ीपार स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरकर सामने आई है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता शुल्क (यूजर चार्ज) संग्रहण जैसे कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

ग्राम के स्वच्छग्राही नियमित रूप से प्रत्येक घर तक पहुंचकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण कर रहे। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ते हुए युवाओं की वार्डवार टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दे रही हैं। ग्राम पंचायत ने स्वच्छता को स्थायी स्वरूप देने के लिए प्रत्येक माह श्रमदान के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया। पंचायत का मानना है कि स्वच्छ ग्राम का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक ग्रामीण अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे और स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाए।

### स्वच्छता शुल्क बना आत्मनिर्भरता का आधार

ग्राम पंचायत मुड़ीपार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीणों से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये तथा दुकानों से 1 हजार 600 रुपये का स्वच्छता शुल्क (यूजर चार्ज) संग्रहित किया गया है। यह राशि ग्राम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, स्वच्छता संसाधनों के रखरखाव एवं अन्य स्वच्छता गतिविधियों में उपयोग की जा रही है। यूजर चार्ज के माध्यम से ग्राम पंचायत न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही है, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था को भी आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ बना रही है।

जनपद पंचायत खैरागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सूखा कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता शुल्क संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। मुड़ीपार की सफलता इस बात का प्रमाण है कि योजनाबद्ध प्रयास, जनसहभागिता एवं सतत मॉनिटरिंग से स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच कुमेश साहू ने बताया कि गांव को स्वच्छता के क्षेत्र में जिले का अग्रणी ग्राम बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं पंचायत सचिव भागवत साहू ने कहा कि ग्राम की प्रत्येक गली एवं मोहल्ले में जनसंपर्क कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा सभी से नियमित रूप से स्वच्छता शुल्क जमा करने की अपील की जा रही है।

जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शुल्क संग्रहण को बढ़ावा देने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत घर-घर कचरा पृथक्करण, चार प्रकार के कचरे का संग्रहण, नियमित कचरा परिवहन एवं वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

ग्राम पंचायत मुड़ीपार की यह पहल आज जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही। स्वच्छता शुल्क के माध्यम से स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का यह मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को नई दिशा प्रदान कर रहा है। यदि इसी प्रकार जनसहभागिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए, तो प्रत्येक ग्राम पंचायत स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सकती है।यह समाचार यूजर चार्ज (स्वच्छता शुल्क) के सकारात्मक प्रभाव और अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणादायक मॉडल के रूप में तैयार किया गया है।

# थाना प्रभारी राजेश देवदास की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**गंडई पंडरिया (दावा)। स्थानीय पुलिस थाने में लंबे समय तक अपनी उत्कृष्ट सेवा देने के बाद थाना प्रभारी राजेश देवदास की सेवानिवृत्ति पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस भावुक और गरिमामयी क्षण में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और पुलिस स्टाफ ने उनके सेवाकाल की सराहना की।**


ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल ने स्मृति चिन्ह और श्रीफल देकर किया सम्मानित

समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल ने थाना प्रभारी राजेश देवदास को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल ने कहा, राजेश देवदास जी ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता के बीच पुलिस की एक मित्रवत छवि स्थापित करने में अनुकरणीय योगदान दिया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखी सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं। रिटायर हो रहे थाना प्रभारी देवदास ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता और वरिष्ठों से मिले सहयोग को वे हमेशा याद रखेंगे।

## दुर्ग में शराबियों-हुड़दंगियों और अड्डेबाजों पर पुलिस का शिकंजा

दुर्ग। अब सड़क किनारे जाम छलकाना, चौक-चौराहों पर अड्डेबाजी करना और रात में हुड़दंग मचाना भारी पड़ रहा है। दुर्ग पुलिस के विशेष अभियान ने ऐसे तत्वों पर सीधा वार करते हुए एक ही दिन में 55 प्रकरण दर्ज कर कानून तोड़ने वालों को कड़ा संदेश दिया है। जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 31 मई 2026 को पुलिस की मोबाइल पेट्रोलिंग टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान खुलेआम शराब सेवन करने, समूह बनाकर अड्डेबाजी करने और शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों पर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कुल 55 प्रकरण दर्ज किए, जिनमें छावनी अनुभाग में सबसे अधिक 22 मामले सामने आए।

# खुर्शीटिकुल में बनेगा परमेश्वरी भवन : जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया भूमिपूजन

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत खुर्शीटिकुल में देवांगन समाज को परमेश्वरी भवन निर्माण के लिए जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने 5 लाख रुपए स्वीकृत किए है। जिसका भूमिका हिरेंद्र साहू के मुख्यातिथि में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती भारती देवांगन सदस्य जनपद पंचायत छुरिया, हृदय देवांगन मंडल अध्यक्ष, कांता प्रसाद साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया, कोमल सिन्हा महामंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि आज हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारे क्षेत्र में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन हो रहा है। यह भवन केवल ईंट, पत्थर और सीमेंट से बनी एक संरचना नहीं है। बल्कि हमारे समाज की एकता, सहयोग और विकास का प्रतीक है।


देवांगन समाज के लिए स्वीकृत हुए 5 लाख रुपये, सामाजिक एकता और विकास का प्रतीक बनेगा सामुदायिक भवन

सामुदायिक भवन किसी भी गांव या मोहल्ले के सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। यहां विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। विवाह समारोह, बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम, महिला समूहों की गतिविधियां तथा युवाओं के विकास संबंधी कार्यक्रम इस भवन के माध्यम से सुचारु रूप से संचालित किए जा सकेंगे। जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि इस भवन के निर्माण से लोगों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान प्राप्त होगा। जहां वे अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे और सामुदायिक एकता को मजबूत बना सकेंगे। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे भवन सामाजिक विकास और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मैं इस निर्माण कार्य में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, इंजीनियरों, श्रमिकों तथा स्थानीय नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उनके सहयोग और मेहनत के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाएगा। हम सभी संकल्प लें कि इस सामुदायिक भवन का उपयोग समाज के हित में करेंगे। इसकी स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखेंगे तथा इसे सामाजिक सद्भाव और विकास का केंद्र बनाएंगे। इस अवसर पर देवांगन समाज के स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़े, सालभर मिलेगी आय - विवेक ठाकुर

**राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने किसानों से एफपीओ से जुड़ने और बहुफसली खेती अपनाने की अपील की**

राजनांदगांव(दावा)। कृषि क्षेत्र में किसानों की आय को दोगुना करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब पारंपरिक ढर्रे से बाहर निकलना होगा। किसानों को आधुनिक तकनीक, बहुफसली खेती और बाजार आधारित उत्पादन प्रणाली को अपनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यह बात राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम के प्रतिनिधि विवेक ठाकुर ने किसानों से किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनियों से जुड़कर सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान करते हुए कही।

श्री ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, प्रदेश का एक बड़ा हिस्सा छोटे और सीमांत किसानों का है। अकेले खेती करने के कारण इन किसानों को उन्नत बीज, खाद, उर्वरक, सिंचाई के साधन और सबसे बढ़कर उपज का उचित मूल्य (विपणन) पाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



यदि यही किसान एफपीओ या किसान उत्पादक कंपनी के रूप में संगठित होकर काम करें, तो उन्हें सरकारी योजनाओं, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और बड़े बाजारों तक पहुंच आसानी से मिल सकती है। इससे न सिर्फ खेती की लागत घटेगी, बल्कि उत्पादन और मुनाफे में भी बड़ी वृद्धि होगी।

सांसद प्रतिनिधि ने फसल विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि, किसानों को केवल एक ही फसल (धान) पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन, सब्जी, फल, मक्का और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक मिलेट्स जैसे कोदो-कुटकी व अन्य नकदी फसलों की खेती की जानी चाहिए। बहुफसली खेती से जहां एक ओर भूमि की उर्वरा शक्ति सुरक्षित रहती है, वहीं दूसरी ओर किसानों को साल के बारह महीने आय के स्रोत मिलते रहते हैं। उन्होंने प्राकृतिक और जैविक खेती को अपनाने की भी वकालत की।

विवेक ठाकुर ने बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एफपीओ के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जा सकता है। उन्होंने बताया कि, किसान उत्पादक कंपनियां किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने उनके उत्पादों की ब्रांडिंग करने और बिचौलियों से मुक्त कर बेहतर मूल्य दिलाने में सेतु का काम कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग, प्रसंस्करण इकाइयां (प्रोसेसिंग यूनिट) और वैल्यू एडिशन (मूल्य संवर्धन) गतिविधियों को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा होगा। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को भी कृषि आधारित स्टार्टअप और उद्यमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। श्री ठाकुर ने अंत में अपील की है कि यदि छत्तीसगढ़ के किसान संगठित होकर आधुनिक कृषि मॉडल को अपनाते हैं, तो आने वाले समय में हमारा प्रदेश कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में देश के भीतर एक नई और अनूठी पहचान स्थापित करेगा।

# विशेष शिक्षा के क्षेत्र में सुनहरा अवसर : समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला में प्रवेश प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। जीवन में सफलता केवल अपने लिए आगे बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि उन लोगों के जीवन में भी प्रकाश फैलाने का अवसर है जिन्हें विशेष सहयोग और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। यदि आपके भीतर समाज सेवा का भाव है और आप विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं, तो समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला आपके लिए एक उत्कृष्ट मंच लेकर आया है।

समेकित क्षेत्रीय केंद्र ठाकुरटोला, राजनांदगांव में पुनर्वास परिषद इंडिया (आर.सी.आई.), नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त दो वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा इन एजुकेशन स्पेशल एजुकेशन (आई.डी.डी.) पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम बौद्धिक एवं विकासात्मक विकलांगता के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करता है तथा विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाता है।

इसके साथ ही संस्थान में डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रिटेशन (डी.आई.एस.एल.आई.) पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है, जो श्रवण बाधित व्यक्तियों और समाज के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बनने का अवसर प्रदान करता है। यह कोर्स युवाओं को एक सम्मानजनक और रोजगारोन्मुखी करियर की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र में सी.सी.सी. (कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्ट्स) तथा जी.पी. छह माह का पाठ्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के डिजिटल कौशल को विकसित कर उन्हें आधुनिक कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं।

विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान में बस एवं समृद्ध लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण, अनुभवी प्रशिक्षक और आधुनिक संसाधन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो युवा शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक सार्थक और सम्मानजनक करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र ही समेकित क्षेत्रीय केंद्र ठाकुरटोला, राजनांदगांव में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं।

# हरी खाद के तौर पर धैचा अपनाकर किसान घटाएं यूरिया की खपत

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद के रूप में धैचा (सेसबेनिया) के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। धैचा एक दलहनी फसल है, जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को भूमि में स्थिर कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया की आवश्यकता को कम करती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धैचा की बुवाई मानसून के प्रारंभ में 25 से 30 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की दर से की जाती है।

बुवाई के लगभग 35 से 40 दिन बाद जब पौधे 1 से 1.5 मीटर ऊंचे हो जाएं तथा फूल आने की प्रारंभिक अवस्था में हों, तब उन्हें ट्रैक्टर चालित डिस्क हैरो, रोटावेटर अथवा मिट्टी पलटने वाले हल से खेत में दबाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। इसके बाद खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखने पर लगभग 15 से 20 दिनों में धैचा सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाता है और उसके पोषक तत्व फसलों के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। धैचा के विघटन से भूमि में जैविक कार्बन, नाइट्रोजन तथा अन्य पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है। इससे मिट्टी की संरचना, जलधारण क्षमता एवं लाभकारी सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों में वृद्धि होती है। जिसका सकारात्मक प्रभाव आगामी फसलों के उत्पादन पर पड़ता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार


जिले के फसल चक्र के अनुरूप किसानों को दी गई सलाह
कृषि विभाग द्वारा हरी खाद के रूप में धैचा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कुल लागत राशि का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने का किया गया प्रावधान

धैचा को खेत में मिलाने से प्रति हेक्टेयर लगभग 40 से 60 किलोग्राम नाइट्रोजन उपलब्ध होती है। इतनी नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए लगभग 90 से 130 किलोग्राम यूरिया की आवश्यकता पड़ती है। इस प्रकार धैचा के उपयोग से प्रति हेक्टेयर लगभग 2 से 3 बोरी यूरिया की बचत संभव है। धैचा (हरी खाद) में 40-60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन उपलब्ध है। इसमें अपेक्षाकृत कम लागत आती है। यह मिट्टी की उर्वरता, जैविक कार्बन, सूक्ष्मजीव गतिविधि को बढ़ाता है तथा पर्यावरण अनुकूल है। वहीं रासायनिक यूरिया में 46 प्रतिशत नाइट्रोजन उपलब्धता होती है। इसमें अधिक लागत आती है। मिट्टी की उर्वरता को लंबे समय में प्रभावित कर सकता है। यह जैविक कार्बन को नहीं बढ़ाता है। सूक्ष्मजीव गतिविधि को प्रभावित कर सकता है। अधिक उपयोग से प्रदूषण की संभावना होती है। इच्छुक किसान बीज प्रक्रिया केंद्र बीज निगम कार्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव से धैचा बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा हरी खाद के रूप में धैचा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कुल लागत राशि का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। किसान इस योजना का लाभ लेकर अपनी खेती की लागत कम करने के साथ-साथ मिट्टी की सेहत में सुधार कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों से संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाते हुए धैचा जैसी हरी खादों का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है। जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो तथा कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। जिले में प्रचलित धान-गेहूं, धान-चना, धान-सब्जी तथा सोयाबीन आधारित फसल चक्र में धैचा को हरी खाद के रूप में अपनाने से प्रति हेक्टेयर लगभग 40-60 किलोग्राम नाइट्रोजन की उपलब्धता हो सकती है तथा 2-3 बोरी यूरिया की बचत संभव है। मानसून प्रारंभ होते ही धैचा की बुवाई करें।

# सुशासन तिहार : जनसमस्या निवारण शिविर में भारती को मिला सुपोषण किट का उपहार

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार अंतर्गत छुरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्राम जोब में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंची श्रीमती भारती वैष्णव के लिए खुशियों से भरा रहा। उन्हें उपहार के तौर पर गोद भराई की रस्म के दौरान पौष्टिक आहार प्रदान किया गया। श्रीमती भारती वैष्णव ने सुपोषण किट मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इससे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहेंगे।


गोद भराई रस्म के साथ दी गई पौष्टिक आहार की जानकारी, महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं ने जताया आभार

उन्होंने कहा कि शिविर में पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिसके अंतर्गत फल, विभिन्न तरह की दाल, भाजी, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक व्यंजनों का उपयोग करने के लिए बताया जा रहा है। साथ ही प्रोटीन, विटामिन, खनिज एवं पोषक तत्वों एवं भरपूर आहार की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत प्रति माह महिलाओं को 1000 रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार की यह योजना बहुत ही अच्छी है। उन्होंने बताया कि शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवायसी सत्यापन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड सहित विभिन्न प्रकार के कार्य शीघ्रता से हो रहे हैं।

# घुमका में रिकॉर्ड 95.36 तो राजनांदगांव जनपद में 92.97 प्रतिशत मतदान






- जिले में स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न,
- मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह
- पुलिस के चाक-चौबंद व्यवस्था में शांति प्रिय हुआ मतदान
- पार्टियो द्वारा अपनी-अपनी जीत के लगाए जा रहे कयास

**राजनांदगांव (दावा)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन अंतर्गत जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लोकतंत्र के उत्सव में नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। नगर पालिका आम निर्वाचन अंतर्गत नगर पंचायत घुमका में अध्यक्ष पद एवं 15 पार्षद पद के लिए मतदान संपन्न हुआ। वहीं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत जनपद सदस्य के एक पद तथा जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत सरपंच के 1 पद एवं पंच के 2 पद के लिए मतदान संपन्न हुआ। मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। नगर पंचायत घुमका में मतदान 95.36 प्रतिशत, जनपद पंचायत राजनांदगांव में मतदान 92.97 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव में मतदान 69.58 प्रतिशत रहा।

### नगरीय निकाय के परिणाम 4 जून को

निर्वाचन अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर ही मतगणना की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वहीं घुमका नगर पंचायत (नगरीय निकाय) के भाग्य का फैसला आने वाली 4 जून को होने वाली आधिकारिक मतगणना के बाद स्पष्ट होगा। जिसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### चुनाव प्रचार में दोनों पार्टियों ने झोंकी ताकत

बताते चलें कि घुमका नगर पंचायत चुनाव में भाजपा से वहीं कांग्रेस से पंजा छाप मे श्रीमती फूलबती वर्मा खड़ी हुई है। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती वर्मा ने बताया कि मतदान को लेकर नगरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। विकास के लिए अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मतदान करने के लिए पहुंच रहे हैं। वैसे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए घुमका के ही निवासी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, प्रभारी रमेश डाकलिया, किसन खंडेलवाल विधायक हर्षिता गोस्वामी,पूर्व विधायक भूनेश्वर बघेल आदि सहित अन्य कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता डटे रहे। इसी तरह भाजपा की ओर से कमल छाप पर प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा खड़ी हुई है। उसके सहित पंद्रह पार्षदों को विजयी बनाने के लिए प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जीतेंद्र साहू, डोंगरगांव नगर पालिका अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, किरण वैष्णव कोमल जंघेल, सौरभ कोठारी आदि जुटे रहे। भाजपा के लोग जहां प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार में नगर विकास को गति मिलने का भरोसा दिलाकर जनता को अपने पक्ष में किया गया, वहीं कांग्रेस द्वारा घुमका को नगर पंचायत का दर्जा देने सहित महंगाई से कराह रही जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जोर लगाया गया। कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे ने कहा कि महंगाई मुद्दे पर घुमका नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती फुलबती बाई का जीत सुनिश्चित है। इसी तरह भाजपा प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा ने घुमका की जनता पर पूरा भरोसा और विश्वास जताते हुए कहा कि यहां की देव तुल्य जनता नगर विकास के लिए उसे जरूर जीता कर लाएगी और उन्हीं के मुताबिक नगर का विकास किया जाएगा।

**नगर पंचायत घुमका – वार्डवार वोटिंग डेटा**

| वार्ड नं. | कुल मतदाता | पड़े वोट | प्रतिशत मतदान |
|---|---|---|---|
| 1 | 242 | 226 | 93.4 प्रतिशत |
| 2 | 320 | 304 | 95.0 प्रतिशत |
| 3 | 114 | 111 | 97.4 प्रतिशत |
| 4 | 233 | 212 | 91.0 प्रतिशत |
| 5 | 260 | 246 | 94.6 प्रतिशत |
| 6 | 127 | 124 | 97.6 प्रतिशत |
| 7 | 155 | 147 | 94.8 प्रतिशत |
| 8 | 265 | 257 | 97.0 प्रतिशत |
| 9 | 265 | 256 | 96.6 प्रतिशत |
| 10 | 114 | 108 | 94.7 प्रतिशत |
| 11 | 171 | 168 | 98.2 प्रतिशत |
| 12 | 126 | 122 | 96.8 प्रतिशत |
| 13 | 329 | 307 | 93.3 प्रतिशत |
| 14 | 198 | 194 | 98.0 प्रतिशत |
| 15 | 289 | 278 | 96.2 प्रतिशत |
| कुल | 3209 | 3060 | 95.36 प्रतिशत |
| कुल मतदान 95.36 प्रतिशत | | | |



## 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने किया मतदान, युवाओं के लिए बनीं मिसाल

घुमका (दावा)। लोकतंत्र की असली ताकत मतदाताओं की जागरूकता में छिपी है, और इसकी एक खूबसूरत बानगी घुमका नगर पंचायत चुनाव के दौरान देखने को मिली। यहां एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामप्यारी दुबे ने अपनी ढलती उम्र और शारीरिक दिक्कतों को दरकिनार करते हुए पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अस्सी पार की इस बुजुर्ग मां का लोकतंत्र के प्रति यह जज्बा और निष्ठा देखकर मतदान केंद्र पर मौजूद अन्य मतदाता और निर्वाचन कर्मी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। सजग नागरिक के रूप में निभाया गया उनका यह फर्ज आज के उन युवाओं के लिए एक बड़ी सीख है, जो अक्सर मतदान के दिन घर से निकलने में आलस कर जाते हैं। परिजनों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि मां ने हमेशा से ही मतदान को अपना सबसे बड़ा कर्तव्य माना है और इस उम्र में भी उनका यह उत्साह समाज को प्रेरणा देने वाला है।

## जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम राजनांदगांव के कदम निरंतर



**हरियाली संरक्षण से लेकर स्वच्छता और आधारभूत ढांचे को किया जा रहा सुदृढ़, नालों की सफाई का अभियान शुरू**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, पेयजल और सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा शहर के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार जमीनी स्तर पर निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ग्रीष्म ऋतु के तीखे तेवरों को देखते हुए सडक़ किनारे, फ्लाईओवर के नीचे तथा डिवाइडरों में लगाए गए वृक्षों एवं पौधों को बचाने के लिए नगर निगम विशेष मुस्तैदी दिखा रहा है। पौधों के संरक्षण के लिए टैंकरों के माध्यम से सुबह-शाम नियमित सिंचाई की जा रही है। साथ ही पौधों की आवश्यक देखरेख भी सुनिश्चित की जा रही है ताकि भीषण गर्मी के कारण वृक्षों के सूखने की स्थिति से बचाव किया जा सके।

### वार्डों का नियमित निरीक्षण, लापरवाही पर ठेकेदारों को नोटिस

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए नगर निगम के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वार्डों का औचक और नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने अथवा नागरिकों से शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित ठेकेदारों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बस स्टैंड क्षेत्र में अस्थायी रूप से एकत्रित होने वाले कचरे का भी प्रतिदिन उठाव कर वहां स्वच्छता कायम रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित शासकीय आवासों के आसपास की सड़कों और नालियों की नियमित सफाई की जा रही है। सूचना मिलने पर सेप्टिक टैंकों की सफाई भी निगम द्वारा त्वरित रूप से कराई जा रही है।

### लक्ष्मण झूला अस्थायी रूप से बंद

रानीसागर स्थित चौपाटी में निर्मित लक्ष्मण झूला के पुराने हो चुके केबल वायर क्षतिग्रस्त होने के कारण उसे नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर एहतियातन अस्थायी रूप से बंद किया गया है। निगम प्रशासन के अनुसार, इसके मरम्मत कार्य की विभागीय प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही ग्राउंड पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर, रानी सागर की बाउंड्रीवाल की रेलिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने पर निगम ने कड़ा रुख अपनाते हुए अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है तथा क्षेत्र में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई गई है।

### वर्षा ऋतु पूर्व नालों की सफाई का महाअभियान

आगामी मानसून और वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख बड़े नालों एवं कॉलोनियों की नालियों के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अधिकांश बड़े नालों की सफाई प्रथम चरण में पूरी हो चुकी है तथा शेष संकरे स्थानों पर कार्य युद्धस्तर पर जारी है ताकि बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

### सड़क डामरीकरण और पेयजल व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण

पेयजल व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सेठी नगर क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है। क्षेत्रवासियों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पुराने पाइपलाइन से नये पाइपलाइन में नल कनेक्शन को स्थानांतरित (शिफ्ट) करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। विभिन्न मुख्य मार्गों के डामरीकरण कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है। गुणवत्ता में कमी या कार्य में विलंब पाए जाने पर संबंधित ठेका एजेंसियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है। पुनः निविदा प्रक्रिया के बाद नए कार्यादेश जारी किए गए हैं तथा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नहीं करने पर निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी के साथ नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम राजनांदगांव शहर में आधारभूत सुविधाओं के विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सक्रिय है।

## आज से भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान, डॉ. रमन सिंह करेंगे उद्घाटन

**सचिता लॉन में जुटेंगे दिग्गज, वैचारिक अधिष्ठान, बूथ प्रबंधन और स्वदेशी पर कार्यकर्ताओं को मिलेगा मार्गदर्शन**



राजनांदगांव (दावा)। विश्व की सबसे ज्यादा सदस्य संख्या वाली भाजपा द्वारा अपने पुराने एव नवीन कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विभिन्न विषयों पर 2 से 3 जून तक सचिता लॉन, ठेकुआ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज 2 जून मंगलवार को प्रातः 9 बजे डिजिटल पंजीयन और स्वल्पाहार के पश्चात प्रातः 10 बजे को पूर्व महापौर शरद वर्मा द्वारा ध्वजारोहण होगा। प्रशिक्षण अभियान का महत्व एवं प्रस्तावना जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा किया जाएगा। 11 बजे प्रथम सत्र के रूप में अपनी सरकार की गरीब कल्याण योजना और क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह से हमारा वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, निष्ठा, देश के समक्ष चुनौतियां राजनीतिक एवं सामाजिक, कार्य विस्तार बुथ प्रबंधन, मन की बात, आईटी सेल एवं विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को देश की परिस्थितियों के बारे में अवगत कराया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। प्रशिक्षक टोली के माध्यम से अभियान की लगातार तैयारी की जा रही हैं। प्रशिक्षण वर्ग में स्थानीय स्तर के उत्पादों को वरीयता प्रदान की जाती है और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का प्रयास किया जाता है। आज आयोजित सत्रों को प्रशिक्षण देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद संतोष पांडे, प्रदेश प्रशिक्षण विभाग के संयोजक डॉ. अवधेश जैन, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश आईटी सेल के संयोजक प्रमोद सिंह द्वारा भी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। रात्रि को सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के साथ दिनभर के सत्रों में आए विषयों पर परीक्षा भी होगी।

### आज विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले के प्रवास पर

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 2 जून को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 2 जून को सुबह 9:30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11 बजे सचिता लॉन ठेकवा पहुंचकर जिला प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12:15 बजे सचिता लॉन ठेकवा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेंगा। डॉ. रमन सिंह शाम 5 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में आयोजित दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण समारोह में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष का समय स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में आरक्षित रहेगा एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

## अग्रवाल सभा में बदलाव की बयार : सुशील बने नए अध्यक्ष



**कोषाध्यक्ष पद पर अशोक सिंघल की शानदार जीत, रिकॉर्ड 99.48 प्रतिशत हुआ मतदान**

राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल सभा राजनांदगांव के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में स्पष्ट जनादेश देते हुए सुशील अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुन लिया है। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर हुए मुकाबले में अशोक सिंघल ने शानदार जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही अग्रसेन भवन में समर्थकों एवं समाजिकजनों के बीच उत्साह का माहौल बन गया। अध्यक्ष पद के चुनाव में सुशील अग्रवाल ने 38 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर समाज का विश्वास हासिल किया। चुनाव परिणाम के बाद समर्थकों ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा बधाईयों का सिलसिला देर तक चलता रहा। कोषाध्यक्ष पद के त्रिकोणीय मुकाबले में अशोक सिंघल ने 102 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की। परमानंद गोयल को 65 मत तथा संजय लोहिया को 26 मत प्राप्त हुए। अशोक सिंघल की जीत को समाज में उनके लंबे सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।

### रिकॉर्ड मतदान ने बढ़ाई चुनाव की गरिमा

अग्रवाल सभा के कुल 194 मतदाताओं में से 193 ने मतदान किया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु सुशील अग्रवाल 115 मत, शरद अग्रवाल 77 मत, अवैध मत-1, कोषाध्यक्ष पद अशोक सिंघल 102 मत, परमानंद गोयल 65 मत, संजय लोहिया 26 मत मिले है। लगभग शत-प्रतिशत मतदान ने समाज के लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन के प्रति सदस्यों की जागरूकता को प्रदर्शित किया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के निर्देशन में संपन्न हुआ। मतगणना पूरी होने के बाद उन्होंने सुशील अग्रवाल को अध्यक्ष एवं अशोक सिंघल को कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### सभी को साथ लेकर चलेंगे : सुशील अग्रवाल

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कहा कि यह जीत पूरे समाज के विश्वास की जीत है। उन्होंने चुनाव में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने का है। वे सभी को साथ लेकर समाजहित में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास और एकता की जीत है। चुनाव समाप्त हो चुका है, अब हम सब मिलकर अग्रवाल सभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## बसंतपुर के पुराने तालाब में डूबने से 3 वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर क्षेत्र के अंतर्गत कोढ़ी खाना रोड स्थित पुराने तालाब में सोमवार सुबह एक बेहद दर्दनाक और हृदयविदारक हादसा सामने आया है। यहां नहाने के दौरान पानी में डूबने से एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची की अकाल मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं मासूम की लाश को देखकर पीड़ित माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सुबह लापता हुई बच्ची, डेढ़ घंटे बाद चला पता

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मर्माहत कर देने वाली घटना सोमवार, 1 जून की सुबह तकरीबन 8:30 से 9 बजे के बीच की है। बताया जाता है कि राजीव नगर बसंतपुर निवासी शेख तीरु और शहिमा की 3 वर्षीय मासूम बेटी अचानक घर से लापता हो गई थी। परिजनों और आसपास के लोगों को बच्ची के तालाब में डूबने की आशंका लगभग 10 बजे के करीब हुई। संदेह होने पर जब स्थानीय नागरिकों ने तालाब में खोजबीन शुरू की, तो बच्ची पानी के भीतर बेसुध मिली। लोगों ने आनन-फानन में मासूम को पानी से बाहर निकाला और सीधे जिला अस्पताल लेकर भागे। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी और अस्पताल के डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व पार्षद ने की आर्थिक सहायता देने की मांग

राजीव नगर बसंतपुर वार्ड के पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मृत बच्ची के माता-पिता अत्यंत गरीब हैं और मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। इस वज्रपात से परिवार पूरी तरह टूट चुका है। श्री शास्त्री ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से पुरजोर निवेदन किया है कि वे इस संवेदनशील घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पीड़ित गरीब माता-पिता को शासन के नियमानुसार अविलंब उचित आर्थिक मुआवजा व सहायता राशि मुहैया कराएं।

**बेचना हैं**
चिखली थाना के पीछे दीनदयाल कॉलोनी में एक प्लाट (साईज 20x50 वर्ग फीट) डायवर्सन, भवन अनुज्ञा एवं बोर किया हुआ है जिसे शीघ्र बेचना हैं।
-: संपर्क :-
मो.-8103434815

## सरपंचों को नहीं मिल रहा काम, सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी



**डोंगरगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत चुनकर आई सरपंचों की नई बॉडी को करीब डेढ़ वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी गांवों में विकास कार्य कराने के लिए राशि और स्वीकृतियां नहीं मिल पा रही हैं। प्रशासन के इस उपेक्षापूर्ण रवैये से नाराज जनपद पंचायत डोंगरगांव के सरपंच संघ ने सोमवार, 1 जून को राजनांदगांव कलेक्टरेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की। सरपंचों ने अपनी गंभीर समस्याओं को सामने रखते हुए प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो क्षेत्र के सभी सरपंच सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप देंगे। सरपंचों की इस तीखी चेतावनी से जहां प्रशासनिक हलके में खलबली मच गई है। वहीं शासन स्तर पर भी बेचैनी बढ़ना तय माना जा रहा है।

### अधूरे रह गए ग्राम विकास के सपने, जनता को देना पड़ रहा जवाब

सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण जनता ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ उन्हें चुनकर पंचायत की कमान सौंपी थी। वे उसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं। चुनाव के दौरान ग्रामीणों के सामने रखी गई ग्राम विकास की परिकल्पनाएं अब प्रशासनिक फाइलों में दफन होकर रह गई हैं। बार-बार आवेदन-निवेदन और जनपद से लेकर जिला स्तर तक दौड़-भाग करने के बावजूद पंचायतों को मूलभूत विकास कार्यों के लिए भी तरसाया जा रहा है। राशि स्वीकृत नहीं होने के कारण गांवों में बुनियादी अधोसंरचना के कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। जिससे जनप्रतिनिधियों को अब जनता के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है।

### 76 ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं का संकट

गौरतलब है कि डोंगरगांव जनपद क्षेत्र के अंतर्गत कुल 76 ग्राम पंचायतें आती हैं। इनमें से अधिकांश गांवों में सड़क, नाली, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की लगातार कमी बनी हुई है। पंचायत प्रतिनिधि अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य स्वीकृत कराने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, लेकिन शासन-प्रशासन के स्तर पर समय रहते तकनीकी और वित्तीय स्वीकृतियां नहीं मिल पातीं। इसी से आक्रोशित होकर सरपंच संघ ने सोमवार को लामबंद होकर जिला मुख्यालय का रुख किया और कलेक्टर को अपनी व्यथा सुनाई।

### 15 दिनों का अल्टीमेटम : बड़े प्रशासनिक भूचाल के संकेत

कलेक्टर को सौंपे गए आधिकारिक ज्ञापन में सरपंच संघ ने स्पष्ट रूप से मांग रखी है कि यदि आगामी 15 दिवस के भीतर डोंगरगांव जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं किया गया और विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि स्वीकृत नहीं की गई, तो क्षेत्र के सभी 76 पंचायतों के जनप्रतिनिधि एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि सरपंचों की यह मांग समय पर नहीं सुलझाई गई, तो ग्रामीण अंचल की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ सकता है।

(हेमंत साहू) 98271-56852 94241-15737
**शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग**
- हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
- सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
- पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

**आवश्यकता है**
AB फाइनेंस सर्विस टेली कॉलिंग के लिए 2 पद लड़कियों के लिए।
वेतन 5000/- से 8000/-
- संपर्क करें -
पता-दिग्विजय कॉलेज रोड गोपी बर्तन दुकान के पास, राजनांदगांव
मो. 8962993342

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com